


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 65 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 18 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने बाबा गुरु घासीदास जी को उनकी जयंती पर नमन किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे।

### मौसम का सितम: जमें नदी-नाले और झरने, माइनस 15 डिग्री पहुंचा तापमान

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में मौसम इन दिनों अपने तेवर दिखा रहा है। प्रदेश में भले ही कई दिनों से बारिश और बर्फबारी न हुई हो लेकिन तापमान में तेजी से गिरावट आ रही है। पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड के चलते पाला मुसीबत बढ़ा रहा है तो मैदान में कोहरा परेशानी खड़ा कर रहा है। उधर, नीती घाटी में इन दिनों कड़ाके की ठंड के चलते यहां बहने वाले सभी नदी और नाले पूरी तहर से जम चुके हैं। घाटी में रात को तापमान माइनस 15 डिग्री तक पहुंच रहा है। सड़कों पर पाला जमने से फिसलन हो रही है। इससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस बार अभी तक मौसम साफ रहने से पहाड़ियों पर बर्फ नजर नहीं आ रही है। सूरज ढलते ही यहां ठंड का प्रकोप शुरू हो जाता है। और रात को तापमान शून्य से काफी नीचे पहुंच जाता है। जिससे सड़कों से लेकर पहाड़ियों पर गिरने वाले झरने जमे हुए हैं।

सरकार के चार साल पूरे होने पर मिली नई सौगात

# अब घर बैठे बनेगा पैन कार्ड, मुख्यमंत्री मितान योजना में जुड़ी नई सेवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोगों को कई सौगातें दे रहे हैं। सीएम भूपेश ने शनिवार को कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। इसी कड़ी में अब मुख्यमंत्री मितान योजना में नई सेवा जोड़ दी गई है। छत्तीसगढ़ में अब लोगों को घर बैठे ही पैन कार्ड की सुविधा भी दी जाएगी। मितान टोल फ्री नंबर 14545 पर फोन करके लोग इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। राज्य के 14 नगर निगम में मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

बता दें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इच्छा के अनुरूप राज्य के नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होते जा रही है। इस योजना के माध्यम से लोगों को वर्तमान में 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की सेवाएं राजस्व और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति






प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज़ की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति), मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाणपत्र सुधार, मृत्यु प्रमाणपत्र सुधार, विवाह प्रमाणपत्र सुधार आदि सेवाएं मिल रही हैं।

### अब पैनकार्ड बनाने की भी सुविधा

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत सरकार ने अब घर बैठे पैनकार्ड बनाने की सुविधा भी जोड़ दी है। जिनका भी पैनकार्ड नहीं बना है वे मितान टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करें। मितान आपके घर पहुंचेगा और आवश्यक दस्तावेज लेकर आपका पैन अप्लाई करेंगे। इसके बाद घर बैठे ही आपका पैनकार्ड बन जाएगा और डिलवरी भी होगी। घर बैठे पैनकार्ड बनाने की सुविधा मिलने से लोगों को बड़ी राहत मिल सकेगी। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत सरकार का प्लान है कि भविष्य में इसमें और भी सेवाएं जोड़ी जाएं।

### पीएम मोदी पर बिलावल की टिप्पणी पर भड़के सीएम बघेल कहा- देश के प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी स्वीकार नहीं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पाकिस्तान के राजनेता बिलावल भुट्टों की टिप्पनी की देश में चौतरफा निंदा हो रही है। अब इस मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का भी बयान आया है। सीएम भूपेश बघेल ने भुट्टों के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ एक भी अनर्गल टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी, यह बहुत अच्छे से जान लें।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्विट कर पीएम मोदी पर बिलावल के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने एएनआई से बातचीत का एक वीडियो साझा किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं बिलावल भुट्टों तो बच्चा है और उसके बयान की मैं निंदा करता हूं। भारत के प्रधानमंत्री के बारे में इस प्रकार से कोई बोले ये बिलकुल बर्दास्त नहीं है। हमारे देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ दूसरे देश का राजनेता इस प्रकार की भाषा का कैसे प्रयोग कर सकता है? इसके लिए राजनीतिक हो या चाहे कूटनीतिक हो इसका जवाब दिया जाना चाहिए और देश के प्रधानमंत्री के साथ हम सब खड़े है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा व कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है लेकिन वह देश का आंतरिक मसला है। लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री की बात आती है पूरा विपक्ष उनके साथ खड़ा है। वे देश के प्रधानमंत्री है हमारे प्रधानमंत्री है और प्रधानमंत्री के खिलाफ अनर्गल बात करे या उनके सम्मान में एक रत्ती भी कमी आए हमको बर्दास्त नहीं है।

## इंडियन नेवी में आज शामिल हुआ INS मोरमुगाओ, मिसाइल और रॉकेट लॉन्चर से होगा लैस



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए रविवार को INS Mormugao को शामिल किया गया। 163 मीटर लंबाई, 17 मीटर चौड़ाई और 7500 टन वजनी युद्धपोत के नौसेना में शामिल होने से भारतीय नौसेना की ताकत में तीन गुना इजाफा हो गया है। जहाज को चार शक्तिशाली गैस टर्बाइनों से ऊर्जा प्राप्त होगी, जो इसे 48 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार देगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुंबई में आधुनिक सेंसर और रडार से लैस युद्धपोत इंडियन नेवी को सौंपा।

आधुनिक हथियारों से लैस स्वदेशी मिसाइल विध्वंस INS Mormugao आज भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच इस युद्धपोत का इंडियन नेवी में शामिल होना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुंबई के मझगांव डॉकयार्ड पर बनाए गए INS Mormugao में अनगिनत खूबियां हैं। इस स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर को आधुनिक युद्ध के लिए बनाया गया है।

यह युद्धपोत भारतीय नौसेना के जंगी जहाजों के बेड़े में सबसे सक्षम और आधुनिक हथियारों से लैस है. इसकी सबसे खास बात ये है कि इसकी बाहरी परत को स्पेशल स्टील से बनाया गया है, ताकि दुश्मन राडार पर इसे लोकेट न कर पाए। INS Mormugao में मध्यम दूरी की सतह से हवा में वार करने वाली SAM मिसाइलें, सतह से सतह पर वार करने वाली STS मिसाइलें, टॉरपीडो ट्यूब और लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर, सुपर रैपिड गन माउंट के अलावा, कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम लगे हैं। ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम, फोल्डेबल हैंगर डोर्स, हेलो ट्रैवर्सिंग सिस्टम, क्लोज-इन वेपन सिस्टम और बो माउंटेड सोनार शामिल है।

## भिलाई निगम का लापरवाह रवैय्या : डायरिया से बीमार पहुंच रहे अस्पताल तब आ रही सफाई की याद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** डायरिया को लेकर नगर निगम भिलाई का लापरवाह रवैय्या देखने को मिल रहा है। शनिवार को एक बार फिर खुर्सीपार क्षेत्र में डायरिया के कारण 17 से ज्यादा लोग उल्टी-दस्त की परेशानी के साथ अस्पताल पहुंच गए। कई बीमारों का घरों में इलाज चल रहा है। बीमारों की जानकारी की सामने आने के बाद निगम के स्वच्छता विभाग को होश आया और आनन फानन में सफाई कर्मी पहुंच गए। रविवार को श्रीकंचनपथ की टीम ने शिवाजी नगर वार्ड का नजारा देखा यहां नालियों की सफाई के साथ दवाई भी छिडकी जा रही थी।

बता दें भिलाई निगम के शिवाजी नगर वार्ड में डायरिया के कारण 17 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हुए। इनमें से कई का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं कुछ को डिस्चार्ज किया गया है। भिलाई निगम की टीम अपने क्षेत्र में डायरिया से निपटने में पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। खासकर निगम अपनी जिम्मेदारी ही नहीं निभा पा रहा है। खुर्सीपार क्षेत्र में गंगे पानी की सप्लाई और कचरे से पटे नालियों के कारण लगातार बीमारी फैल रही है और निगम का स्वास्थ्य विभाग नींद में सोया है।



### कैंप में भी फैला था डायरिया, अभी तक जांच रिपोर्ट का पता नहीं

इससे पहले वृंदा नगर कैंप-1, संतोषी पारा आदि क्षेत्रों में भी डायरिया का प्रकोप था। यहां तो डायरिया के कारण दो लोगों की मौत भी हो गई। इसके बाद भी यहां की स्थिति सुधरी नहीं है। डायरिया की शिकायत के बाद दो चार दिनों तक सफाई कार्यक्रम चलाया गया और कलेक्टर व आयुक्त सहित निगम महापौर भी मौके पर पहुंच गए। पानी का सैंपल जांच के लिए भेजा गया और आज तक उसकी रिपोर्ट का कुछ पता नहीं है।

### रविवार को सुबह से पहुंचा सफाई अमला

इधर रविवार को सुबह से सफाई अमला शिवाजी नगर पहुंच गया। नालियों का कचरा निकालने के साथ ही दवाई डाल कर ब्लीचिंग पाउडर डाला गया। इसके आलावा मितानिन व स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर लोगों की जांच भी कर रही है। घर-घर जाकर ओआरएस के पैकेट भी बांट रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि डायरिया का प्रकोप फैलने के बाद भी निगम पूरे खुर्सीपार क्षेत्र में जांच क्यों नहीं करा रहा। जिस वार्ड में डायरिया की शिकायत आती है उस वार्ड में खानापूर्ति कर दी जाती है। एक तरह से देखा जाए तो डायरिया को फैलाने में नगर निगम भिलाई की महत्वपूर्ण भूमिका नजर आती है।

एक और खौफनाक अंजाम

## आफताब के बाद अब दिलदार! पत्नी के टुकड़े कर कुत्तों के झुंड के बीच छोड़ा

**साहिबगंज ( एजेंसी )।** झारखंड में दिल्ली की श्रद्धा हत्याकांड से भी खौफनाक तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया। दरअसल, साहिबगंज में बोरिया संथाली के एक निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे मानव अंग के टुकड़े मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शनिवार शाम इस घटना की भनक तब लगी जब किसी शख्स ने आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे एक महिला के पैर और सीने के कटे टुकड़े को कुत्ते को नोच-नोचकर खाते देखा। तब पुलिस को सूचना दी गई उसके बाद पुलिस की टीम भारी संख्या में दल बल के साथ पहुंची। पुलिस ने आरोपी पति दिलदार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जानें क्या है मामला?

साहिबगंज में एक शख्स पर आरोप है कि उसने अपनी 22 वर्षीय पत्नी रबिका पहाड़िन को कटर से बारह टुकड़ों में काट दिया गया है। मृतका गोंडा पहाड़ की रहनेवाली थी। वह प्रेम विवाह के बाद पति दिलदार अंसारी के साथ बेलटोला स्थित घर पर रहती थी। दिलदार पर आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही वह अपनी पत्नी से झगड़ने लगा था। आखिरकार झगड़े से तंग आकर उसने खतरनाक प्लान बनाया और फिर पत्नी की हत्या कर इलेक्ट्रिक कटर से शव के 12 टुकड़े कर दिए। फिर उसे आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे फेंक दिया। यह भी पता चला है कि रबिका दिलदार की दूसरी पत्नी थी।



### शरीर के कटे अंगों को घसीट रहे थे कुत्ते

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार महिला का क्षत-विक्षत शव बोरियो थाना क्षेत्र के संथाली मोमिन टोला में स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे 12 टुकड़ों में बरामद किया गया है। बताया गया है कि शरीर के कटे अंग को कुत्ते घसीट व नोच रहे थे, तब जाकर मामले का खुलासा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। फिर पुलिस की टीम भारी संख्या में दल बल के साथ पहुंची। इस दौरान डॉग स्क्वायड भी साथ में था।

## और इस तरह से रंगों में बंट गया समाज

श्रीकंचनपथ




भगवा रंग हिन्दू का, हरा रंग मुसलमान का और सफेद रंग सतनाम और इसाईयत का प्रतीक हो गया. कैसे? किसने किया? कब किया? इन सवालों का जवाब मिलना मुश्किल है. इन्हें केवल समझा जा सकता है. जिस तरह दलीय प्रतियोगिताओं में टीमें अलग-अलग रंग की जर्सी पहनते हैं, किटी पार्टी में महिलाएं ड्रेस कोड रख लेती हैं, यह भी कुछ कुछ वैसा ही है. इनकी अहमियत उससे अधिक नहीं हो सकती. मैच खत्म होने के बाद खिलाड़ी फिर से अपने पसंदीदा रंग पहन लेते हैं. किटी पार्टी खत्म होने के साथ ही ड्रेस कोड भी खत्म हो जाता है. कोई भी रंग दुनिया में ऐसा नहीं है जिसके बिना किसी भी कौम का काम चल जाए. हरा रंग मुसलमान का बोलकर किसी हिन्दू ने साग-भाजी खाना छोड़ दिया हो, पेड़ पौधों की तरफआंख उठाकर देखने बंद कर दिया हो, ऐसी कभी देखने-सुनने में नहीं आया. भगवा को यदि हिन्दुओं का रंग मान लें दो सुबर शाम के आकाश और अग्नि पर भी हिन्दुओं का अधिकार मान लेना होगा. ये एक बेतुकी बहस है जिसमें सिर खपाना भी वक्त की बर्बादी है. देश का प्रतीक तिरंगा है. यह हमारा आत्मसम्मान और अभिमान भी है. पर यह सेना का रंग नहीं है. सेना जिन परिस्थितियों में जाती है, वैसा ड्रेस कोड अपनाती है. इससे उनके मन में तिरंगे का सम्मान कम नहीं हो जाता. जनवरी में आ रही एक फिल्म में हिरोइन ने भगवा रंग की बिकिनी क्या पहन ली, हंगमा खड़ा हो गया. अब छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री ने इसमें एंट्री मारी है. उन्होंने भगवा रंग को अग्निशिखा का रंग बताया है. साथ ही यह भी कहा है कि यह ऋषियों का आभूषण रहा है. यह रंग त्याग, तपस्या और बलिदान से जुड़ा है. इस रंग का उपयोग संन्यासी भी करते हैं. उन्होंने पूछा है कि इसे विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल वाले क्यों पहने घूम रहे हैं, इसका उन्हें जवाब देना चाहिए. दरअसल, मुख्यमंत्री किसी को चुनौती नहीं दे रहे. वो केवल उन लोगों की आंखें खोलने की कोशिश कर रहे हैं जो इस तरह की बातों से झांसे में आ जाते हैं. वे ऐसे किसी भी मुद्दे को अशांति का कारण नहीं बनने देना चाहते जिनका वजूद केवल बातों और बतौलेबाजियों तक सीमित है. यह आस्था का प्रश्न भी नहीं है. आस्था पर गौर करेंगे तो आप पाएंगे कि एक ही वस्तु अलग-अलग समय में भिन्न मायने दर्शाती हैं. पत्थर को कोई नहीं पूंजता पर वही पत्थर जब ईश्वर के रूप में पूजा जाता है तो वह पत्थर नहीं रह जाता. इसी तरह भगवा रंग से कुछ नहीं होता. भगवा जब संत पहनें तो उसे सम्मान मिलता है, भिखारी पहने तो उसे दुत्कारा जाता है. स्वामी विवेकानंद के गुरू परमहंस रामकृष्ण सफेद धोती पहनते थे. पर उन्होंने भगवा को अपनाया. उन्हें उनके ज्ञान का सम्मान मिला. इस तरह के सैकड़ों उदाहरण मिल जाएंगे.



## संपादकीय

### भाजपा की राज्यवार बैठकें भी शुरू

भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल के विधानसभा और उसके अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी गंभीरता के साथ शुरू कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रभारियों के साथ बैठक के बाद राज्यवार बैठकें भी शुरू हो गई हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ पार्टी के बड़े नेताओं की बैठक पांच और छह दिसंबर को हुई थी। पांच दिसंबर को गुजरात में दूसरे चरण के मतदान के दिन सुबह में वोट डाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों दिल्ली आ गए थे और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए थे। उसमें प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी के नेताओं से कहा था कि वे जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिलने का मुद्दा जनता के बीच ले जाएं और उन्हें गर्व का अहसास कराएं। अब पार्टी ने राज्यवार बैठकें शुरू कर दी है। पहली बैठक उत्तर प्रदेश की हुई है। उत्तर प्रदेश के दोनों बड़े नेताओं- राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई। बताया जा रहा है कि इसमें पार्टी के संगठन में होने वाले बदलाव और अगले चुनावों के बारे में चर्चा की गई। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन और राज्यों में होने वाले बदलाव पर विचार के लिए बैठक में योगी आदित्यनाथ को बुलाने का मतलब नहीं बनता है। उत्तर प्रदेश में संगठन का बदलाव नहीं होना है। वहां हाल ही में भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है और नए संगठन महामंत्री गए हैं। अगर दूसरे राज्यों के संगठन में होने वाले बदलाव पर विचार के लिए योगी को बुलाया गया तो यह कई लिहाज से बड़ी बात होगी। बहरहाल, पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर यह बैठक हुई है। इसमें और भी मुद्दे उठे होंगे लेकिन बुनियादी रूप से राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई होगी। ध्यान रहे पिछली बार समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी मिल कर चुनाव लड़े थे तब भाजपा की सीटें घट गई हैं। 2014 की 73 सीटों के मुकाबले भाजपा और उसकी सहयोगी अपना दल को 64 सीटें मिलीं यानी नौ सीटों का नुकसान हुआ। इस बार भाजपा की योजना सीटें बढ़ाने की है। कॉशी कॉरिडोर और अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा उम्मीद कर रही है कि वह फिर से 73 या उससे भी ज्यादा पहुंच सकती है। बसपा के रुख को देखते हुए भी पार्टी सीटें बढ़ने की उम्मीद कर रही है। ध्यान रहे योगी मुख्यमंत्री हैं और राजनाथ मुख्यमंत्री रहे हैं, जबकि अमित शाह और जेपी नड्डा दोनों उत्तर प्रदेश के प्रभारी रह चुके हैं। इसलिए इन चार नेताओं का मिलना और चुनाव तैयारियों पर चर्चा करना अहम है। अब देखना है कि इस तरह की चर्चा और किन राज्यों को लेकर होती है।

> “ पहली बैठक उत्तर प्रदेश की हुई है। उत्तर प्रदेश के दोनों बड़े नेताओं- राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई। बताया जा रहा है कि इसमें पार्टी के संगठन में होने वाले बदलाव और अगले चुनावों के बारे में चर्चा की गई। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन और राज्यों में होने वाले बदलाव पर विचार के लिए बैठक में योगी आदित्यनाथ को बुलाने का मतलब नहीं बनता है। उत्तर प्रदेश में संगठन का बदलाव नहीं होना है। वहां हाल ही में भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है और नए संगठन महामंत्री गए हैं।

## हिंदी में नए किस्म के बिग ब्रदर्स

साहित्य करना भी इन दिनों भारी मुसीबत है! क्या लिखें, क्या न लिखें, कहां जाएं, कहां न जाएं, किस मंच पर जाएं, किस पर न जाएं, किसके बुलावे पर जाएं, किसके बुलावे पर न जाएं, क्या बोलें, क्या न बोलें, सब पर पहरा है! वह एक बड़ा साहित्य समारोह था, आयोजकों ने जम के खर्च किया था, लेखकों को हवाई जहाज से बुलाया था, पांच सितारा में ठहराया गया था। समारोह के उपरांत सबको मोटा लिफाफा भी थमाया था! इस समारोह के एक सेशन में आयोजकों ने एक नेता जी को बुलाया और उनसे एक लेखक को एक सम्मान भी दिलवाया! जब ये सब हो रहा था, तब कुछ न हुआ, लेकिन फेसबुक पर आग लग गई! फेसबुक वीरों की क्रांतिकारिता जाग उठी और बहुत से लाइन देने लगे कि जब ये हो रहा था, तो वो, वो, वो कहां थे? क्या कर रहे थे? तभी किसी ने इस हिंदुत्ववादी फासिस्ट का विरोध क्यों नहीं किया? एक प्रच्छन्न हिंदुत्ववादी के इस हिंदुत्ववादी समारोह से 'वाक आउट' क्यों नहीं किया? देखते-देखते वहां मौजूद हिंदी के लेखक घोर अवसरवादी, दल्ला, समझौतापरस्त, कायर, रिएक्शनरी हो गए! जिसे सम्मानित किया गया, वह तो 'रौरव नरक' का भागी बना ही, जिन्होंने उसे सम्मान लेते हुए देखा, वे भी 'नारकीय कीट' की श्रेणी को प्राप्त हुए! फेसबुक वीरों ने उसे ऐसे-ऐसे विशेषणों से नवाजा कि उन विशेषणों को इस पन्ने पर लिखा भी नहीं जा सकता, कइयों ने तो उस लेखक की 'सात पुश्तों' तक को निपटा दिया! इसी तरह एक समारोह में एक भगवाधारी आए, तो जहां आयोजन था, वहां सबकुछ सामान्य रहा, लेकिन फेसबुक वीरों ने एक भगवाधारी पेनलिस्ट को देख बाकी लेखकों को भी भगवावादी बना दिया, कुछ ने तो सीधे 'संघी' और 'हिंदुत्ववादी' बना दिया! ये हैं नए प्रगतिशील फेसबुकिए! ट्विटरिए! वाट्सएपिए! इन्हीं दिनों इनकी साहित्यिक दुनिया में एक नया 'रंगबोध' पैदा हुआ दिखता है। यहां लाल, नीला, पीला, हरा, गुलाबी, कत्थई भूरा सब रंग कलात्मक माने जाते हैं, लेकिन जरा सा भी भगवा दिखा कि गुर्र गुर्र शुरू! एक बार एक किताब अपने भगवा कवर के कारण ही 'कंडमनीय' हो गई! उसमें क्या लिखा है? इसे जानने की जरूरत भी न रही!


एक बार कवि ने 'गाय' पर कविता लिख डाली, तो कुछ फेसबुकिया वीरों के बीच वह 'गउ भक्त' हो गया! रिएक्शनरी हो गया, 'हिंदुत्ववादी' हो गया! हिंदी में 'हिंदुत्ववादी' लेखक इसी तरह बनाए जाते हैं! अब लेखक का काम लिखना, पढ़ना, विचार करना या रचना पर मेहनत-मशक्कत करना नहीं, बल्कि लेखकों को 'फत्तवे' देना है, उनकी 'निगरानी' करना है। आज का लेखक, लेखक कम है, साहित्य का 'इंस्पेक्टर' अधिक है! बताइए, करूं, तो क्या करूं? कहूं, तो क्या कहूं? लिखूं, तो क्या लिखूं? जाऊं, तो कहां जाऊं? कदम-कदम पर पहरे हैं - हर कदम पर नजर है - और यह नजर उनकी नजर है, जो खुद तो कुछ का कुछ करते रहते हैं, कहीं के कहीं जाते रहते हैं, लेकिन अगर आप कहीं गए, तो आपकी खैर नहीं!

यह साहित्य का एक नया 'सर्विलांस समाज' है, लेकिन यह ऑरवेल के उपन्यास 1984 के 'बिगब्रदर' का बनाया समाज नहीं है, बल्कि साहित्य के छोटे-छोटे 'पिग्मीज' का बनाया है। वे हर चीज पर नजर रखते हैं, अपने अलावा हर लेखक उनको 'भगवा' नजर आता है! सरकारें निगरानी करती हैं, यह तो सुना था, लेकिन इन दिनों लेखक ही लेखकों की निगरानी करते रहते हैं! कहां जाते हैं? किससे बात करते हैं? कहां छपते हैं? वे हर हरकत पर नजर रखते हैं, लगता है कि लेखक ही लेखक का दुश्मन है! यह नए किस्म के 'बिग बदर्स' हैं!

> “ अरुणाचल, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा कुल 24 लोकसभा सीटों का योगदान करते हैं। इनमें से फिलहाल 14 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है। अगर 2024 में विपक्ष भाजपा के साथ बराबरी की लड़ाई लड़ने में कामयाब हो जाता है, तो इनका महत्व और बढ़ जाएगा।

# पूर्वोत्तर की जंग जो तय करेगी

शशि शेखर



भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी है और खामी भी कि हम हमेशा किसी न किसी चुनाव में व्यस्त रहते हैं। गुजरात, हिमाचल और एमसीडी के चुनावों के बाद नए साल की शुरुआत में सतबहनी, यानी पूर्वोत्तर के सात राज्यों में से तीन की बारी है। इनमें से त्रिपुरा को भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत के साथ जीता था, पर मेघालय और नगालैंड में उसकी सरकारें राजनीतिक 'मैनेजमेंट' से उपजी थीं। मेघालय में तो कांग्रेस 21 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी, मगर वह सरकार बनाने में नाकामयाब रही।

त्रिपुरा से बात शुरू करते हैं। फरवरी 2018 का विधानसभा चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण था। पश्चिम बंगाल के बाद देश में बस यही एक राज्य था, जिस पर वामपंथियों की लगातार 25 सालों से अबाध हुकूमत थी। गजब के ईमानदार माणिक सरकार यहां मुख्यमंत्री हुआ करते थे, लेकिन जब नतीजे आए, तो उनका सारा किया-दिया धरा का धरा रह गया। भारतीय जनता पार्टी को आवश्यक बहुमत के जादुई आंकड़े 31 से अधिक 35 सीटें हासिल हुईं। वामपंथी 16 सीटों पर अटक गए थे। हालांकि, दक्षिणपंथ और वामपंथ की इस सियासी जंग में हासिल हुए मत प्रतिशत में महज 1.37 फीसदी का मामूली फर्क था। पिछले चुनावों तक मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1.79 फीसदी मतों पर सिमट गई थी। इसके साथ ही त्रिपुरा का नाम उन राज्यों की फेहरिस्त में जुड़ गया था, जहां विधानसभा में कांग्रेस को एक भी सीट हासिल नहीं हो सकी।

कांग्रेस के लिए अस्तित्व बचाने-बढ़ाने की चुनौती इन चुनावों में भी बरकरार रहेगी। त्रिपुरा के साथ मेघालय और नगालैंड में उसका संगठन कमजोर हुआ है। ये तीन राज्य लोकसभा में कुल पांच सांसदों का योगदान करते हैं। देखने में ये आंकड़े भले विराट न लगें, पर यह सच है कि सतबहिनी के सूबे अरुणाचल, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा कुल 24 लोकसभा सीटों का योगदान करते हैं। इनमें से फिलहाल 14 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है। अगर 2024 में विपक्ष भाजपा के साथ बराबरी की लड़ाई लड़ने में कामयाब हो जाता है, तो इनका महत्व और बढ़ जाएगा।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर के राज्यों पर खास जोर देने की नीति अपनाई थी। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में यहां अलगाववादियों को मुख्यधारा में लाने की सार्थक कोशिश हुई। चुनाव सामने देख भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मेघालय में पिछले हफ्ते तृणमूल कांग्रेस के दो और एक निर्दलीय विधायक ने भगवा दल का दामन यूं ही नहीं थाम लिया। क्षेत्रीय दलों से साझेदारी, जनजातीय रिश्तों के समीकरण और 'डबल इंजन' सरकारों का फॉर्मूला लेकर भगवा दल यह चुनाव जीतने के लिए कोई कोर-कसर नहीं उठा रखेगा। कांग्रेस को यहां इन सबसे एक साथ जूझना होगा।

कोई आश्चर्य नहीं कि विपक्षी एकता के पुन पैरोकार बने नीतीश कुमार की भी नजर इन राज्यों पर है। वह जब एनडीए से अलग हुए, तब माना गया था कि गैर-भाजपा दलों को एक करने के लिए वह मैराथन प्रयास करेंगे। वह इस मकसद से दो बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। इसके साथ ही जेपी जयंती के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 11 अक्तूबर को नगालैंड के दीमापुर भी जा चुके हैं। अन्य राज्यों के दौरे उन्होंने अभी शुरू नहीं किए, लेकिन राजनीति की पतीली में कुछ न कुछ खदबदा जरूर रहा है। अगस्त में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और पिछले महीने आदित्य ठाकरे की पटना यात्रा बिला मकसद नहीं आयोजित की गई थी। इस वक्त बिहार के यादव परिवार और नीतीश कुमार की जरूरतें एक हैं। क्या उनकी कोशिशें कोई सार्थक आकार ले पाएंगी? इस सवाल का जवाब तो 2024 में मिल सकेगा, पर बिहार मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। पिछले हफ्ते नीतीश कुमार ने महागठबंधन विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे पीएम नहीं बनना है। मेरा अकेला मकसद भाजपा को उखाड़ फेंकना है। बिहार कांग्रेस के विधायक अपने आलाकमान तक मेरी यह बात पहुंचा दें।' उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अब सीएम भी नहीं रहना, तेजस्वी यादव को सीएम बनाना है। 2025 का चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उन्होंने सहयोगी दलों से अपील की, हममें टूट न हो। हम एकजुट रहें। इससे दो दिन पहले जद(यू) के महासचिव के सी त्यागी ने कहा था कि यदि नीतीश जी छह महीने दिल्ली बैठ जाएं, तो भाजपा की सरकार साफ हो जाएगी। इन दोनों बयानों से क्या यह ध्वनि नहीं निकलती कि नीतीश कुमार राज्य की हुकूमत से हाथ खींच, राष्ट्रीय राजनीति में हाथ आजमाने की सोच रहे हैं? यकीनन वह ऐसा करने जा रहे हैं।

यहां एक और महत्वपूर्ण तथ्य की ओर आपका ध्यान खींचना चाहूंगा। लोकसभा की शपथ लेने के बाद डिम्पल यादव सोनिया गांधी से मिलीं। बाद में अखिलेश यादव का बयान आया कि 2024 में होने वाले आम चुनाव से पहले मौजूदा सरकार का एक विकल्प बनाने की तैयारी चल रही है। कई राज्यों में प्रमुख विपक्षी दलों के मुखिया इस दिशा में काम कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने इसमें नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और केसीआर के नाम भी गिनाए। मतलब साफ है, भाजपा का अश्वमेध रोकने के लिए नई किलेबंदी हो रही है। क्या सतबहनी के इन राज्यों से इस जुगलबंदी की शुरुआत होगी?

यहां एक और संभावना पर विचार करना जरूरी है। गुजरात में पांच सीटें और करीब 13 प्रतिशत मत पाकर आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय दल बनने की पात्रता हासिल कर चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने जिस तेजी से दिल्ली और पंजाब से कांग्रेस का सफाया किया है, वह अपने आप में समूची दास्तां है। गुजरात में भी उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को कम, पर कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इसी तरह, दिल्ली नगर निगम चुनावों में कांग्रेस ने आप के मुस्लिम मतदाताओं में सेंधमारी न की होती, तो आप अधिक सीटों पर जीत हासिल कर सकती थी। अभी तक पूर्वोत्तर के राज्यों में आप ने कोई बड़ी दस्तक नहीं दी है, लेकिन केजरीवाल कल को यहां भी संभावना तलाश करते नजर आएं, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। वे अब तक 'एकला चलो रे' की नीति अपनाते आए हैं। मायावती और असदुद्दीन ओवैसी की समान रीति-नीति है। क्या यह सिर्फ संयोग है कि ये तीनों दल अभी तक जाने-अनजाने गैर-भाजपा मतों में सेंधमारी करते नजर आते हैं? क्या बदलते हालात के साथ ये लोग भी बदलेंगे? यही वजह है कि इन तीन राज्यों के चुनावों को भाजपा, कांग्रेस और विपक्षी एकता के स्वप्न के लिए महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। साल 2023 की शुरुआत से शुरू होने वाला रोमांच का यह सिलसिला सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहेगा। उसके बाद छह अन्य महत्वपूर्ण राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाना और मिजोरम में भी चुनाव होंगे। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के जय-पराजय की गूंज इन राज्यों में अवश्य सुनाई देगी।

# न्याय के चार सालः शिक्षा की उजली तस्वीर-नौनिहालों की निखरी तकदीर

एल. डी. मानिकपुरी, सहायक सूचना अधिकारी




किसान पुत्र, संघर्ष और जुनून के पर्याय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रभावशाली योजना स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम स्कूल के तहत छत्तीसगढ़ के लाखों बेटे और बेटियों की जिंदगी में एक सुखद बदलाव देखने, सुनने और पढ़ने को मिल रहा है। सुदूर वनांचल हो या मैदानी जिले या फिर नवगठित जिले हो, प्रदेश के सभी जिलों में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उजली तस्वीर देखने को मिल रही है। शुरूआत में 52 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल प्रारंभ किए गए। अब तक हिंदी माध्यम की 32 तथा 247 अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले जा चुके हैं। इस तरह प्रदेश में 279 उत्कृष्ट स्कूल संचालित हैं। एक लाख तीन हजार बच्चों ने अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में दाखिला लिया है तो करीब डेढ़ लाख बच्चे हिंदी माध्यम शालाओं में दाखिला ले चुके हैं। साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं की भर्ती की गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बताते हैं कि वे जब गांव के स्कूल में पढ़ते थे, उस समय दिमाग में यह बात थी कि गांव के सरकारी स्कूलों में भी यही सुविधा मिलनी चाहिए जो शहरों में मिलती है। मिडिल स्कूल और हाईस्कूल में पढ़ाई के दौरान दुर्ग-भिलाई आना-जाना होता था, तो वहां की पढ़ाई देखते थे। वहां के बच्चों को मैदान, प्रयोगशाला, ग्रंथालय जैसी सुविधाओं का लाभ मिलता था, कोचिंग क्लास भी जाते थे जबकि हमारे गांव में ऐसी कोई सुविधा नहीं थी। मध्यम और गरीब वर्ग के बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं। उनके पालकों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं रहती कि निजी स्कूलों की महंगी फीस दे सके। इसके कारण बहुत सी प्रतिभाएं निखर नहीं पातीं और निजी स्कूलों के बच्चों की तुलना में अपने आप को कमतर समझने लगती हैं।

मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के बच्चों का आत्मबल स्वाभिमान और भविष्य की संभावनाएं बनाए रखने के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट अधोसंरचना वाले स्कूलों की व्यवस्था प्रदेशस्तर पर करने की व्यवस्था की है। कोरोना काल में जब अन्य प्रदेशों में लॉकडाउन के कारण सब कुछ ठप था तब इस योजना पर काम कर रहे थे और इसी दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय योजना शुरू की गई। पहले रायपुर के सिर्फ तीन स्कूलों में की शुरू गई।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद जी के नाम पर स्कूल खोलने की मुख्य वजह बताते हुए हैं कि छत्तीसगढ़ को बने बीस बरस हो गए थे लेकिन कमजोर तबके के बच्चों को शिक्षा में बराबरी के अवसर देने के बारे में कोई सोच ही नहीं बनी थी। यह बात अखरती थी जब इस योजना के नामकरण का सवाल आया तो आंखों के सामने स्वामी आत्मानंद की छवि नजर आई, उन्होंने किस तरह से नारायणपुर जैसे सघन वन अचल में लगभग चार दशक पहले आवासीय विद्यालय की कल्पना की थी। वहां भव्य स्कूल का निर्माण कराया, जिसके कारण बेहद पिछड़े अंचल के बच्चों को अपना भविष्य संवारने में मदद मिली थी।

स्वामी जी उच्च शिक्षित होने के साथ-साथ अंग्रेजी सहित अनेक भाषाओं के भी ज्ञाता थे। उनके अमिट योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए यह उचित अवसर भी था। वे जीवनभर प्राथमिक व उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगे रहे, ताकि छत्तीसगढ़ सहित देश के मासूम बच्चे खासकर गरीब तबके के बच्चे भी उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सके और उनका भविष्य उज्वल हो सके। इस तरह शिक्षा के क्षेत्र में निजी और सरकारी शालाओं के बीच के अंतर को समाप्त करने और बच्चों को बराबरी के अवसर देने के लिए यह योजना शुरू की। इन स्कूलों में आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, लैंग्वेज लैब, आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला, रोबोटिक लैब, खेल मैदान, इंडोर गेम्स, कला व संगीत के लिए अलग कमरे का निर्माण कराया गया है। इस तरह स्कूलों के परिसर संवरने से तस्वीर भी बदलने लगी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गरियाबंद प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से सीधे रु-ब-रु हुए और सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों की जमीनी हकीकत भी टटोली इस भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत जब बघेल देवभोग पहुंचे तब एक आमसभा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले छात्र आदर्श वर्धन से सवाल किया कि पहले कहां पढ़ते थे ? वहां कितनी फीस थी? अभी इस स्कूल में क्या सुविधा है ? यहां के शिक्षक-शिक्षिका कैसे हैं? तब मासूम आदर्श ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ मुख्यमंत्री का जवाब फर्राटेदार अंग्रेजी में दिया। छात्र ने बताया कि इससे पहले वे जिस स्कूल में पढ़ाई करते थे, यहां हर साल 14 हजार रुपए फीस देनी पड़ती थी, लेकिन आत्मानंद स्कूल में सारी सुविधाएं निःशुल्क मिल रही हैं। इसी तरह बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां कभी नक्सलियों की बंदूकों की गोलियां गूंजती थीं, अब वहां बच्चों की निश्छल खिलखिलाहट बिखर रही है। इसकी बानगी छिंदगढ़ में देखने को मिली।

कभी एक अदद स्कूल को तरसते इलाके में अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मौजूद है, जहां बच्चे नक्सल आतंक से घरों में दुबके रहते थे, वहां बच्चों के लिए अब स्कूल में समर कैम्प लग रहे हैं। भेंट मुलाकात अभियान में संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने बीच सहज भाव से पाकर नौनिहालों का आत्मविश्वास बढ़ जाता है तो अभिभावक भी उत्साह से भर उठते हैं। इस तरह भूपेश सरकार के विगत चार वर्षों में स्कूल शिक्षा का छत्तीसगढ़ मॉडल मिसाल बना और शिक्षा की उजली तस्वीर से नौनिहालों की तकदीर भी निखरी है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# मुख्यमंत्री ने 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

### प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आज सवेरे यहां कलेक्टोरेट चौक स्थित 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें नमन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।




गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज 17 दिसंबर को पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है। नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री राम गोपाल अग्रवाल, कलेक्टर रायपुर श्री सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को सब्जियों के लंगर स्टॉल से सब्जियों का नि:शुल्क वितरण किया। आज गौरव दिवस पर पंडित रविशंकर शुक्ला वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने 5 टन सब्जियों का लंगर अंबेडकर चौक पर प्रारंभ किया, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री बघेल ने किया। दुर्ग जिले के ग्राम परसदा में 9.39 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले अनुसूचित जाति (प्रयास) वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्कूल सह कोचिंग केन्द्र भवन, बेमेतरा जिले के साजा में 1.52 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, मुंगेली जिले के बरमपुर में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, लागत 1.52 करोड़ रूपए, मझगांव में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लागत 1.52 करोड़ रूपए, लोरमी में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लागत 1.52 करोड़ रूपए, लोरमी में ही 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या आश्रम, लागत 1.62 करोड़ रूपए, फास्टरपुर में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, लागत 1.91 करोड़ रूपए, लोरमी में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, लागत 1.52 करोड़ रूपए, रायपुर के मंदिर हसौद में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लागत 1.52 करोड़ रूपए, रायपुर जिले के भिलाई में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लागत 1.52 करोड़ रूपए और कबीरधाम जिले के ग्राम डबराभांठ में 1.62 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले 50 सीटर अनुसूचित जाति कन्या आश्रम का भूमिपूजन किया।

# जनता को मिली 1.75 करोड़ के नवीन पानी टंकी की सौगात

### विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज



दुर्ग। पद्मनाभपुर वार्ड 46 में 1.75 करोड़ की लागत से निर्मित नवीन पानी टंकी का वाल्व खोल कर विधायक वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने 6 वार्ड की जनता को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की सौगात दी। शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 12 नई पानी टंकियों का निर्माण स्वीकृत किया गया था जिनमें से 9 टंकियां सुचारू रूप से शुरू की जा चुकी हैं। 17 लाख किलो लीटर क्षमता वाली 10 वीं टंकी भी आज विधायक वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जनता को समर्पित की गई। वोरा ने कहा कि नई पानी टंकी से आपूर्ति शुरू होने पर वार्ड क्रमांक 42 से लेकर 46 तक एवं वार्ड 41 के कुछ क्षेत्रों के सैकड़ों रहवासी शुद्ध पेयजल नियमित एवं निर्बाध रूप से प्राप्त कर लाभान्वित होंगे। जल्द ही नव वर्ष में आर्य नगर एवं शक्ति नगर के निर्माणाधीन ओवरहेड वाटर टैंक भी शुरू किए जाएंगे जिससे 153 करोड़ की लागत से शुरू की गई अमृत मिशन योजना का सम्पूर्ण लाभ शहर को मिलेगा। गौरव दिवस को और भी अधिक गरिमामय बनाने के लिए विधायक वोरा ने इंदिरा मार्केट एवं रायपुर नाका में स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया एवं उनके कार्यों व साफसफाई में दिए जा रहे सहयोग के लिए उनका धन्यवाद दिया साथ ही गौठान पहुंच कर गौमाता को चारा खिला कर पूजा अर्चना की एवं शहर व प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान शहर अध्यक्ष गया पटेल, सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेंद्र साहू ब्लाक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, महीप सिंह, राजकुमार पाली, एमआईसी संजय कोहले, दीपक साहू, जयश्री जोशी, भोला महोबिया शंकर ठाकुर एल्डरमैन राजेश शर्मा, प्रकाश जोशी,माहेश्वरी ठाकुर, उषा ठाकुर, हेमा शर्मा जल कर्म विभाग के अभियंता आर के जैन, भीम राव, नारायण ठाकुर समेत वार्ड वासी मौजूद थे।

## खास खबर

### गौरव दिवस पर विधायक वोरा ने किया स्वच्छता दीदियों का सम्मान

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार गठन को आज 4 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 17 दिसंबर 2018 को भूपेश बघेल ने राज्य के तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में आज ही के दिन शपथ ली थी एवं 15 वर्षों बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी। दुर्ग में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में आज शहर में गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बहुप्रतीक्षित पद्मनाभपुर वार्ड 46 में 1.75 करोड़ की लागत से निर्मित नवीन पानी टंकी का वाल्व खोल कर विधायक वोरा ने 6 वार्ड की जनता को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की सौगात दी। शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 12 नई पानी टंकियों का निर्माण स्वीकृत किया गया था जिनमें से 9 टंकियां सुचारू रूप से शुरू की जा चुकी हैं। 17 लाख किलो लीटर क्षमता वाली 10वीं टंकी भी आज विधायक वोरा द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जनता को समर्पित की गई। वोरा ने कहा कि नई पानी टंकी से आपूर्ति शुरू होने पर वार्ड क्रमांक 42 से लेकर 46 तक एवं वार्ड 41 के कुछ क्षेत्रों के सैकड़ों रहवासी शुद्ध पेयजल नियमित एवं निर्बाध रूप से प्राप्त कर लाभान्वित होंगे। जल्द ही नव वर्ष में आर्य नगर एवं शक्ति नगर के निर्माणाधीन ओवरहेड वाटर टैंक भी शुरू किए जाएंगे जिससे 153 करोड़ की लागत से शुरू की गई अमृत मिशन योजना का सम्पूर्ण लाभ शहर को मिलेगा। लिए विधायक वोरा ने इंदिरा मार्केट एवं रायपुर नाका में स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया एवं उनके कार्यों व साफ-सफाई में दिए जा रहे सहयोग के लिए उनका धन्यवाद दिया साथ ही गौठान पहुंच कर गौमाता को चारा खिला कर पूजा अर्चना की एवं शहर व प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान शहर अध्यक्ष गया पटेल, सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेंद्र साहू ब्लाक अध्यक्ष अल्ताफअहमद, हेमा शर्मा जल कर्म विभाग के अभियंता आर के जैन, भीम राव, नारायण ठाकुर समेत वार्ड वासी मौजूद थे।

### राज्य में अब तक 4 हजार से अधिक हाट बाजार क्लीनिक से 63 लाख ग्रामीणों को मिला लाभ

# सुदूर वनांचल साल्हेवारा और बकरकट्टा की अब नक्सलवाद नहीं विकास बनी पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पश्चिमी इलाके के अंतिम छोर में घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे साल्हेवारा और बकरकट्टा की पहचान कभी नक्सल प्रभावित इलाके की रही है । पर अब यहां की पहचान नक्सलवाद नहीं बल्कि यहां हो रहे विकास की है । इसकी बानगी ये है कि यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने मध्यप्रदेश के निवासी भी आ रहे हैं । नवगठित खैरागढ़ जिले के साल्हेवारा और बकरकट्टा में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत मेडिकल वैन साप्ताहिक हाट-बाजार में खड़ी होती है ।



यहां से मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की सीमा सिर्फ तीन किलोमीटर की दूरी पर है । वहां से कई ग्रामीण यहां बाजार करने आते हैं और वैन खड़ी देख वहीं अपना चेक-अप कराते हैं । बालाघाट जिले के कचनारी गांव के निवासी प्रीतम राम ने बताया कि उनके गांव में स्वास्थ्य सुविधायें न के बराबर हैं । ऐसे में यहां साल्हेवारा में मंगलवार और रामपुर में बुधवार बाजार करने आते हैं । बाजार में खड़ी मेडिकल वैन में ही अपना कई बार चेक-अप कराया है । यहां की गयी जांच में पता चला कि मुझे मोतियाबिंद है। जिससे समय रहते इलाज कराने से मेरी आंख ठीक हो गयी । रामपुर के हाट-बाजार में इसी गांव के रहने वाले रामप्रसाद बताते हैं कि यहां हुई जांच में पता चला कि मेरा बीपी बढ़ा रहता है, यहां से फ्री में दवा भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू की गयी इस योजना की लोकप्रियता का आलम ये है कि साप्ताहिक बाजार में वैन के पास चेकअप कराने के लिये हमेशा भीड़ बनी रहती है । यही नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा की ओपीडी में दिखाकर भी पड़ोसी राज्य के मरीज स्वास्थ्य लाभ रहे हैं । इस स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन औसतन सौ से अधिक मरीज आते हैं जिनमें से दस प्रतिशत मध्यप्रदेश से होते हैं । अब तक 63 लाख से अधिक ग्रामीणों ने करायी जांच- राज्य में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना से अब तक करीब 63 लाख से अधिक ग्रामीण लाभ ले चुके हैं । राज्य में प्रति सप्ताह 1798 हाट बाजार क्लीनिक में 4289 डेडिकेटेड वाहन और मेडिकल स्टाफ में जरिये स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही हैं । हाल ही में हाट बाजार क्लीनिक से रेफर किये गये मरीजों के फॉलो-अप के लिए ऑन लाइन सिस्टम शुरू किया गया है ।

हाट बाजार क्लीनिक योजना के जरिये दूरस्थ क्षेत्रों में मेडिकल वैन में मुफ्त में हेल्थ चेकअप एवं दवा वितरण , पैथोलॉजी जांच और उपचार किया जा रहा है । यह योजना उन ग्रामीणों के लिए बहुत सुविधा दे रही है जो किसी वजह से अस्पताल नहीं जा पाते हैं । वे घूमते-फिरते बाजार आते हैं और वैन खड़ी देख अपना चेकअप करा लेते हैं । यहां बीपी, सुगर, मलेरिया, मोतियाबिंद जैसी सामान्य जांच तुरन्त हो जाती हैं या उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आने की सलाह दी जाती है । जिससे मरीज की बीमारी बढ़ने से पहले नियंत्रित की जा सकती है । नक्सलियों को खदेड़ा, सड़कें बनायीं और बेहतर हुई स्वास्थ्य सुविधाएं- एक समय था जब साल्हेवारा और बकरकट्टा में नक्सलियों के भय से लोग भयभीत होते थे । लेकिन पिछले चार साल में इस इलाके की तस्वीर बदल गयी है । यहां बेहतर होती स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा कारण यहां नई बनी सड़कें हैं । बकरकट्टा और साल्हेवारा में सड़कों का जाल बिछाया गया है । ब्लॉक मुख्यालय छुईखदान जाने के लिये बकरकट्टा के लोगों को साल्हेवार से नर्मदा होते हुये 70 किलोमीटर घूमकर जाना होता था । लेकिन पिछले साल छुईखदान से कुम्हारवाड़ा होते हुये बकरकट्टा तक सड़क बन जाने से 70 किलोमीटर की दूरी घटकर सिर्फ 35 किलोमीटर रह गयी है । इसके साथ ही साल्हेवारा से नर्मदा तक 35 किलोमीटर और साल्हेवारा से बकरकट्टा तक 40 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो गया है ।

# जीएसटी कांउन्सिल द्वारा जीएसटी में गैर पंजीकृत विक्रेताओं को ई-कॉमर्स में व्यापार की अनुमति से देश में ई-कॉमर्स को बड़ा बढ़ावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि छोटे अपंजीकृत विक्रेताओं को ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से अपना माल बेचने की अनुमति देने के जीएसटी कांउन्सिल के निर्णय को एक बड़ा कदम बताते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज इसके लिए जीएसटी कांउन्सिल की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि ये एक प्रगतिशील निर्णय जिसकी कैट द्वारा पिछले दो वर्षों से अधिक समय से मांग की जा रही थी के होने से अब छोटे व्यापारी भी ई कॉमर्स के ज़रिए व्यापार कर सकेंगे। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन ने कहा कि यह निर्णय छोटे व्यापारियों को ई-कॉमर्स के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए सशक्त बनाएगा और डिजिटल इंडिया विजन को देशभर में मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि देश में 8 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारी हैं।




# बीएसपी सीएसआर द्वारा कमकासुर गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्ली राजहरा क्षेत्र के डुल्की माइंस के समीप कमकासुर गांव में बीएसपी सीएसआर विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को किया गया। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 85 लोगों ने जांच करवाया, जिसमें 32 पुरूष, 38 महिलाएं तथा 15 बच्चे शामिल थे।



भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा 21 गांवों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की कड़ी के तहत डुल्की माइंस के समीप कमकासुर गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सक प्रमोद कुमार, नर्स सुश्री शैली साहनी, फार्मासिस्ट फनेश्वर सिदार ने अहम योगदान दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अरूण कुमार, सहायक महाप्रबंधक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक (डुल्की माइंस) श्री राकेश कुमार ठाकुर, सहायक श्रम कल्याण अधिकारी सुश्री संध्या रानी वर्मा व सन्त राम साहू सहित कमकासुर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती अमिता सलामे उपस्थित रही। इस शिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।






**खास खबर...**



## शांति और सद्भावना के प्रतीक हैं बाबा गुरू घासीदासः गुरू रूद्रकुमार

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने प्रदेशवासियों को बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर शुभकामनाएं दी

**रायपुर।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने सतनाम पंथ के शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती 18 दिसंबर के शुभ अवसर पर सभी अनुयायियों एवं प्रदेशवासियों के लिए अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि बाबा गुरू घासीदास शांति और सद्भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफलोगों को सत्मार्ग का रास्ता दिखाया। उन्होंने समाज में शांति और सद्भावना कायम रखने के हर संभव प्रयास किया।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी के उपदेश 'मनखे-मनखे एक समान' के विचार को समाज को आत्मसात करने की जरूरत है। बाबा गुरू घासीदास की जन्मस्थली और तपोभूमि गिरौदपुरी के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ में उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

## राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों का होगा कायाकल्प

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासकीय भवनों जैसे कलेक्टोरेट, अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, चौकी जहां शासकीय काम के चलते बड़ी संख्या में लोगों का आना होता है, उनके मरम्मत व रख-रखाव को भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को शैक्षणिक संस्थाओं सहित अन्य शासकीय भवनों के मरम्मत एवं रख-रखाव की योजना तैयार कर आगामी कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण अनेक शाला भवनों में अध्ययन-अध्यापन के कार्य में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा है कि आगामी शैक्षणिक सत्र आरंभ होने से पूर्व शालाओं, आश्रमों एवं छात्रावास भवनों का उन्नयन, मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य कराया जाना आवश्यक है। इसी तरह अन्य शासकीय भवनों जहां काम के सिलसिले में आम जनता का आना-जाना बना रहता है, उन भवनों के भी मरम्मत, रख-रखाव व व्यवस्थापन की जरूरत है।

# छत्तीसगढ़ में किसानों सहित सभी वर्गों में आई संपन्नताः भूपेश बघेल

**मुख्यमंत्री से अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात**

### छत्तीसगढ़ की किसान हितैषी नीतियों की सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, मध्यप्रदेश, बिहार आदि से आए कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही हमने सबसे पहले किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले किए। हमने किसानों की कर्ज माफी की। देश में सबसे ज्यादा धान का मूल्य देने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ में किसानों, मजदूरों, महिलाओं, आदिवासियों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए हमने जो नीति बनाई, उससे सभी वर्गों को आगे बढने् का बेहतर अवसर मिला है। इसके जरिए गांव-गांव में लोगों को रोजगार मिला है और पलायन रुका है। प्रदेश में हर वर्ग के लोगों की आय बढ़ी है। राज्य में आज संपन्नता दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। गांव-गांव में लोगों को आजीविका के साधन उपलब्ध हुए हैं, जिससे उन्हें आमदनी का अच्छा स्रोत उपलब्ध हो गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में उनसे तमिलनाडु के तंजावुर से आए किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की थी। तंजावुर के किसानों ने छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा उठाए जा रहे किसान हितैषी फैसलों के लिए आभार जताया था।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष सर्वेश कटिहार, उत्तम प्रकाश सिंह, उमाकांत वर्मा, चंद्र भूषण वर्मा, रश्मि सिंह, सरिता वर्मा, सरोज पटेल, प्रहलाद पटेल, सदानंद, के श्रीनिवास, उमेश बाबू, विश्वनाथन, उमाकांत वर्मा, अमर बहादुर पटेल, सचिन पटेल सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

# 'गांधी सेवा ग्राम' ग्रामीण परिवेश के रूप में होगा विकसित, सीएम बघेल ने स्थल का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर में महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप बनने वाले 'गांधी सेवा ग्राम' स्थल का निरीक्षण किया। नवा-रायपुर में बनने वाले सेवा ग्राम के लिए 75 एकड़ की जमीन चिन्हांकित की गई है। इसे ग्रामीण परिवेश के रूप में विकसित किया जाएगा।

गौरतलब है कि लोक सभा सांसद राहुल गांधी ने 3 फरवरी 2022 को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गांधी सेवा ग्राम की आधारशिला रखी थी। सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की परंपरागत ग्रामीण भवन शैली की झलक दिखेगी। निर्माण कार्यों में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग होगा। यहां की सड़के भी ग्रामीण परिवेश के अनुरूप होंगी। सेवा ग्राम तक पूरा क्षेत्र



हरियाली से भरपूर रहेगा। सेवा-ग्राम के निर्माण में मिट्टी, चूना, पत्थर जैसी प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करते हुए किया जाएगा। सेवाग्राम में गांधीवादी सिद्धांतों, ग्रामीण कला और शिल्प के केंद्र विकसित किए जाएंगे, जहां अतिथि विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। यहां छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं को प्रोत्साहन साथ ही वहां वृद्धाश्रम तथा वंचितों के लिए स्कूल भी स्थापित किए जाएंगे। बुजुर्गों को दूसरा घर देकर और वैचारिक आदान-प्रदान की सुविधा होगी। साथ ही विजिटर्स सेंटर और गांधी के सिद्धांतों को स्मरण करने का केंद्र होगा।

सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट कला और शिल्प कला भी दिखेगी। यहां के विभिन्न कार्यों बस्तर, रायगढ़ और अन्य जिलों में बेल मेटल, लौह, टेराकोटा, पत्थर, कपड़े और बांस का उपयोग करके विभिन्न कलात्मक वस्तुओं से सजाया जाएगा। 'गांधी सेवा ग्राम' में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आत्मनिर्भर-ग्राम की कल्पना को साकार करने के लिए सभी प्रकार के कारीगरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विधायक धनेन्द्र साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य सरकार ने किसानों के हित में ऋण माफ किया: मंत्री डॉ. टेकाम



### छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आदर्श गौठान खड़गवां कला में आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड की खड़गवां कला आदर्श गौठान में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणजनों ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ गौरव दिवस में वर्चुअली शामिल हुए और उनका संदेश सुना।

कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने पिछले 4 सालों में सरकार की उपलब्धि एवं अन्य सफलताओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ऋण माफी किया है। किसान खुश है, सरकार 2500 क्विंटल में धान खरीद रही है एवं धान विक्रय पर 48 घंटे में किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर हो रहा है। आदर्श गौठान खड़गवां कला से महिला स्व सहायता समूह द्वारा सब्जियां एवं खाद से लाखों की आमदनी हो रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को धान के बदले अन्य फसल पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है। कोदो, कुटकी को समर्थन मूल्य में खरीदा जा रहा है। लघु वनोपज की खरीदी की जा रही है कोरोना काल में भी राज्य सरकार ने लघु वनोपज के उत्पादों को खरीदा। स्थानीय ग्रामीण जनों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए राज्य सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित किया जा रहा है। उन्होंने स्कूली बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत अब देश में सबसे अधिक मिल रही है। सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं से आमलोगों को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और छत्तीसगढ़ के लोगों में खुशहाली बढ़ी है। राज्य के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों आदि सभी वर्गो-समाजों के लिए योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। राज्य का सर्वांगीण विकास करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों ने बताया कि गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किया जा रहा है। इसके साथ विभिन्न गतिविधियां संचालित हो रही है और जिससे लाखों की आमदनी हो रही है। गौठान से उत्पादित सब्जियां स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन के लिए भेजी जाती है। डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं उपस्थित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुधन विभाग एवं बिहान की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. टेकाम ने मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग के हितग्राहियों को मछली जाल, आइस बॉक्स, पौधा एवं नि:शुल्क मसूर दाल का वितरण किया। कार्यक्रम में सरगुजा कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग, कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, एसपी रामकृष्ण साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्यासागर सिंह, जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**गुरु गोविन्द सिंह जंयती पर निकली भव्य शोभा यात्रा**

# पंजाब का पाईप बैंड, दिल्ली गतका शौर्य प्रदर्शन रहा आकर्षण का केन्द्र

**रायपुर (ए)।** गुरु गोविन्द सिंह जयंती पर रायपुर के गुरुद्वारा गुरुनानक नगर और समूह सिक्ख व साध संगत की ओर से एक शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें नगाड़ा, बैंड पार्टी, सिक्ख घुड़सवार दस्ता, पाईपबैंड, झांकी, गतका पार्टी, निशान साहिब और पंज प्यारे, गुरुग्रंथ साहिब की पालकीसाहिब, कीर्तन के कई जत्थे और समूह साध संगत शामिल हुए। इस शोभा यात्रा के दौरान सड़क की सफाई टाटीबंध गुरुव्दारा और नगर पालिक निगम व्दारा की गई।

ये शोभा यात्रा गुरुनानक नगर से से प्रारंभ हो कर तेलीबांधा



चौक, बाबाबूढ़डा गुरुद्वारा जीई रोड से कैनाल रोड होते हुए रात आठ बजे तक गुरुद्वारा गुरुगोविन्द नगर, पंडरी गुरुद्वारा में समाप्त हुई। शोभा यात्रा में पंजाब का पाईप बैंड और दिल्ली की गतका टीम का शौर्यप्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभा यात्रा के दौरान लोग पालकी साहिब में सवार गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन कर उन्हें नमन किया। साथ ही कई कीर्तन जत्थे गुरुवाणी का कीर्तन करते साथ चले रहे। इसमें छत्तीसगढ़ के की अन्य शहरों की साध संगत भी शामिल हुए।

गुरुद्वारा गुरुनानक नगर, रायपुर की प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार प्रितपाल सिंह चंडोक, सरदार जे.एस. भाटिया, सरदार जी.एस. बॉम्बरा, सरदार जीत सिंह खनूजा, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, गुरुद्वारा देवेन्द्रनगर, गुरुद्वारा टाटीबंध, गुरुद्वारा महावीर नगर, गुरुद्वारा गोविन्दनगर पंडरी, गुरुद्वारा हीरापुर, गुरुद्वारा देवपुरी की साध संगत और प्रतिनिधि, दशमेशसेवा सोसायटी, छत्तीसगढ़ सिक्ख कौंसिल, बाबा दीप सिंह सेवा दल, छत्तीसगढ़ सिक्ख संगततथा छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन, रायपुर के पदाधिकारियों ने सभी समाज के लोगों से इस शोभा यात्रा में शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर प्रदर्शनीः राज्य सरकार की उपलब्धियों को लोगों ने सराहा

राजधानी रायपुर में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने 4 साल की गौरवमयी यात्रा पूरी कर ली है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इसे गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब के पास छत्तीसगढ़ सरकार की चार साल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का अवलोकन स्कूली बच्चे के साथ-साथ नागरिकों ने भी किया और इसकी सराहना की।




छत्तीसगढ़ कॉलेज के बी.ए.फाइनल में पढ़ने वाले भरत मनहर ने बताया छत्तीसगढ़ सरकार ने गांव गरीब और किसानों को लाभान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की है और इन योजनाओं का लाभ भी किसानों एवं अन्य हितग्राहियों को मिल रहा है। बेमेतरा जिले के पंडित जवाहरलाल नेहरू विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संदीप आहिरे ने बताया कि शासन की योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार होने से लोगों में शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना आदि योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# 'फुरसत से तू नाच बेबी' के लिए डांस स्टेप्स सीखने में करनी पड़ी मेहनतः चाहत खन्ना

'बड़े अच्छे लगते हैं' की अभिनेत्री चाहत खन्ना का कहना है कि उन्हें अपनी फिल्म 'धूप छांव' के गाने 'फुरसत से तू नाच बेबी' के लिए डांस स्टेप्स सीखने में काफी मेहनत करनी पड़ी है। वह साझा करती हैं, जब मैं 'धूप छांव' की शूटिंग कर रही थी, तो यह मेरा पहला डांस नंबर था। मैं स्कूल के समय से ज्यादा डांस नहीं करती थी और इसलिए यह मेरे लिए एक मुश्किल काम था। मेरे दोस्त मुझे चिढ़ाते थे और मुझे लगता था जैसे मुझे आगे बढ़ने की जरूरत थी, इसलिए लगभग एक साल तक मैंने डांस सीखा। वह आगे कहती हैं, और उस अवधि के अंत में, लगभग एक चमत्कार या इनाम की तरह, मुझे 'फुर्सत से तू नाच बेबी' का प्रस्ताव मिला। चाहत को 'कुमकुम', 'काज्जल', 'कुबूल है' और कई अन्य फिल्मों के लिए जानी जाती है। वह कहती हैं कि उन्होंने अपने नृत्य कौशल को पूरा करने में घंटों बिताए और बीमार भी पड़ गईं। हमने इसके लिए कठिन प्रशिक्षण और शूटिंग के घंटे बिताए हैं। वास्तव में 3 दिनों के लिए, हमने हर दिन 12 घंटे बिना रुके प्रशिक्षण लिया और मैं अंत में बीमार पड़ गयी। इसलिए हमें शूटिंग स्थगित करनी पड़ी और जब हम इसमें वापस आए, तो हम इसे सीधे 8 घंटे में शूट किया। लेकिन कुल मिलाकर यह एक खूबसूरत अनुभव था और मेरे दिल में हमेशा एक खास जगह रहेगी।

# क्रिसमस के दौरान घर पर बनाकर खाए केक, आसान है इनकी रेसिपी



क्रिसमस आने वाला है और ज्यादातर लोग इस दिन को केक काटकर उत्सव के रूप में मनाते हैं। हालांकि, अगर आप हमेशा बाहर से केक मंगवाते हैं तो इस बार क्यों न इसे घर पर बनाने की कोशिश की जाए? यकीन मानिए यह काम इतना भी मुश्किल नहीं है। आइए आज पांच तरह के क्रिसमस केक की रेसिपी जानते हैं। ये स्वादिष्ट होने के साथ बनाने में भी बहुत ही आसान होगें।

## आटा केक

सबसे पहले एक कटोरे में आटा, गुड़, बेकिंग पाउडर, दालचीनी पाउडर और सोडा बाइकार्बोनेट मिलाएं। अब एक दूसरे कटोरे में योगर्ट और मक्खन मिलाकर ब्लेंड करें। फिर गीली और सूखी सामग्रियों को आपस में मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को एक घंटे के लिए बेक करके गरमगरम परोसें। इस केक के स्वाद का मजा शाम को चाय के साथ या रात के खाने के बाद मिठाई के रूप में भी लिया जा सकता है।

## मिल्क केक

सबसे पहले मिल्क पाउडर और थोड़ा ठंडा दूध मिलाकर एक तरफ रख दें। अब एक कढ़ाई में दूध, घी, चीनी, एक चुटकी फिटकरी या फिटकरी और दूध पाउडर का मिश्रण डालकर अच्छी तरह मिलाएं। लगभग 25 मिनट तक लगातार चलाते हुए इस मिश्रण को गाढ़ा होने तक पकाएं। इसके बाद इसे एक प्लेट में डालकर इस पर चांदी का वर्क लगाएं और ठंडा होने पर टुकड़ों में काटकर परोसें।

## मसाला चाय केक

सबसे पहले दूध को उबालकर इसमें चायपत्ती, दालचीनी, कद्दूकस की हुई अदरक और लौंग मिलाएं। जब चाय बन जाए तो इसे छानकर अलग रख लें। अब एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, नमक, बेकिंग सोडा समेत इलायची पाउडर मिलाएं। एक दूसरे कटोरे में योगर्ट, मक्खन और चीनी मिलाकर फेंटे। फिर इसमें मैदे वाला मिश्रण और चाय डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को 30-35 मिनट तक बेक करके परोसें।

## सूजी केक

सबसे पहले चीनी, घी और दूध को मिक्सी में फेंटे। अब इसे एक कटोरे में वनिला एसेंस और योगर्ट के साथ डालकर फेंटे। फिर इसमें सूजी और बेकिंग पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को केक टिन में डालें और टिन को प्रेशर कुकर में नमक के साथ रखकर बेस पर वायर रैक रखें। बिना सीटी के 45-50 मिनट तक इस केक को पकाने के बाद खाएं।

## खजूर, अखरोट और काजू का केक

सबसे पहले तीन घंटे पानी में भीगे खजूर और अखरोट को एक साथ ब्लेंड करें। फिर बटर पेपर लगे केक टिन में मिश्रण को डालकर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद काजू, मेपल सिरप, नारियल तेल, नींबू का रस और लेमन जेस्ट को एक साथ ब्लेंड करें। अब इस मिश्रण को खजूर और अखरोट के मिश्रण पर फैलाएं और तीन घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। अंत में इस केक पर कुछ बेरीज लगाकर इसे परोसें।



# राजकुमार राव मार्च में स्त्री 2 की शुरू करेंगे शूटिंग

अभिनेता राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी मार्च 2023 में स्त्री 2 की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने पुष्टि की है कि अभिनेता स्त्री के मूल कलाकारों के साथ मार्च में शूटिंग शुरू करेंगे, जिसकी शूटिंग 4 शहरों में होगी।

सूत्र का कहना है, भेड़िया में राजकुमार राव (विक्की) और अपारशक्ति खुराना (बिट्टू) का अंतिम क्रेडिट दृश्य एक स्पष्ट इशारा है कि उनकी योजना में स्त्री 2 है। 2018 की फिल्म स्त्री की मूल स्टार कास्ट तैयार होगी। मार्च 2023 से शूट के लिए तैयार हैं। हम कुछ विचित्र और मजेदार संवादों की उम्मीद कर सकते हैं। वर्तमान में सभी कलाकार अन्य प्रतिबद्धताओं में व्यस्त हैं और फिल्म का प्री प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। 2018 की फिल्म स्त्री में अपारशक्ति ने बिट्टू का किरदार निभाया है, जो राजकुमार के किरदार विक्की का दोस्त है।

फिल्म लेखक-निर्देशक-निर्माता जोड़ी राज निदिमोरु और कृष्णा डीके द्वारा लिखित एक हॉरर कॉमेडी है, जिसे राज एंड डीके के नाम से जाना जाता है। स्त्री में अपनी भूमिका के लिए, खुराना को सर्वश्रेष्ठ सहायक भूमिका श्रेणी में एक अभिनेता के लिए फिल्मफेयर नामांकन भी मिला।

# 'स्प्लिट्सविला एक्स 4' प्रतियोगी ने सनी लियोनी को अपने जीवन से किया प्रभावित

सनी लियोनी फिलहाल 'स्प्लिट्सविला एक्स4' की मेजबान हैं। इस शो में सनी एक प्रतियोगी सोहेल शेख के सफर के बारे में जान कर काफी प्रभावित हुई और उनके रोंगटे खड़े हो गए। प्रतियोगी सोहेल शेख के इंस्टाग्राम पर 10 लाख फॉलोअर्स हैं, वह अपना खुद का जिम चलाता है। 25 वर्षीय मॉडल और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने मेजबान को बताया कि उसका जीवन कठिन था। प्रतियोगी ने बताया, मैं एक कैंटीन में वड़ा पाव बेचता था और वहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। सनी ने जवाब दिया, वड़ा पाव से 'स्प्लिट्सविला' तक का सफर आसान नहीं है और इससे मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। प्रतियोगी ने कहा, मैं कभी असफल नहीं होता, या तो मैं जीतता हूं या सीखता हूं, यही मेरी मां ने मुझे सिखाया है। इस पर एक कंटेस्टेंट ने बताया कि, कमाए हुए पैसों से अब उन्होंने खुद का जिम खोल लिया है। सनी और सभी ने उसकी जमकर सराहना की।

इस शो को लेकर एक और खबर है। अभिनेता और मॉडल शिवम शर्मा इस हफ्ते वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं।

अर्जुन बिजलानी और सनी लियोनी द्वारा होस्ट किया जाने वाला डेटिंग-आधारित रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला एक्स 4' एमटीवी पर प्रसारित होता है।

# हड्डी से मेकर्स ने शेयर की नवाजुद्दीन की होश उड़ा देने वाली वीडियो शेयर

बॉलीवुड में पीछे कई वर्षों से हम सभी ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को बहुमुखी भूमिकाओं में देखा जा चुका है, लेकिन अभिनेता अभी भी अपनी पसंद से हमें हर बार आश्चर्यचकित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। अपनी आगामी मूवी हड्डी में हमेशा चुनौती के लिए तैयार रहने वाले अभिनेता एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाते हुए दिखाई देने वाले है। जैसे ही निर्माताओं ने फिल्म से नवाजुद्दीन के लुक को जारी किया, तस्वीरों ने नेटिज़न्स को आश्चर्यचकित कर दिया और देखते ही देखते डिजिटल दुनिया को हिलाकर रख डाला है।

जी स्टूडियोज की हड्डी तब से चर्चा का विषय रही है, जब निर्माताओं ने ट्रांसजेंडर महिला के रूप में अभिनेता के लुक से पर्दा उठाया जा चुका है। बिलकुल अलग तरह के परिवर्तन को देखते हुए, यह स्वाभाविक था कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी के लुक को लेकर लोगों की भौहें उठानी थीं और इस तरह से अभिनेता की पूरी प्रक्रिया न सिर्फ अपने हिस्से को देखना पड़ा, बल्कि उसे पूरी तरह से अपनाने की भी थी। ऐसे में सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने नवाजुद्दीन के किरदार को अपनाने के प्रोस्थेटिक्स प्रोसेस के एक टाइमलैप्स वीडियो को जारी किया है। वीडियो में, हम नवाजुद्दीन को उनके किरदार में बदलते हुए देख सकते हैं और यह कहना सही होने वाला है कि यह एक लंबी और थका देने वाली प्रक्रिया है। अभिनेता के पास एक से अधिक हेयर स्टाइलिस्ट थे, जिन्होंने पूरी शूटिंग के बीच साथ मिलकर अलग-अलग लुक बनाने के लिए सिंक में काम किया, ताकि हर एक चीज सही जगह पर रखा जा रहा है। इस प्रोसेस में हर दिन तकरीबन 3 घंटे लगते थे, लेकिन नवाजुद्दीन के लुक को पूरी तरह से बदलने के उपरांत समय के जाने का कोई मलाल महसूस नहीं होता था।

# बॉबी देओल ने कुणाल कोहली की श्लोक- द देसी शेरलॉक की शूटिंग की पूरी

अभिनेता बॉबी देओल के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। अब उन्होंने अपने एक प्रोजेक्ट को निपटा लिया है। उन्होंने कुणाल कोहली की फिल्म श्लोक- द देसी शेरलॉक की शूटिंग की पूरी कर ली है। अभिनेता ने सेट से तस्वीरें शेयर करते हुए इस संबंध में जानकारी दी है। इस फिल्म का निर्देशन कुणाल ही कर रहे हैं। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है, जिसमें बॉबी का अलग अंदाज देखने को मिलेगा। बॉबी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, फिल्म श्लोक- द देसी शेरलॉक की शूटिंग पूरी हुई। टीम के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। बेहतरीन लोगों के साथ मैंने काम किया। उन्होंने सितंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू की थी।


# रितेश देशमुख की वेड से सलमान खान ने साझा की अपनी पहली झलक

रितेश देशमुख की आने वाली मराठी फिल्म वेड चर्चा में है। पहली बार होगा जब रितेश किसी मराठी फिल्म में अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूजा के ऑपोजिट नजर आएंगे। शनिवार को रितेश के जन्मदिन के मौके पर जेनेलिया ने फिल्म के सेट का एक वीडियो शेयर किया है। हालांकि, दर्शकों को उत्साहित करने वाली खबर ये है कि फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा। शनिवार को फिल्म से सलमान ने अपनी पहली झलक शेयर की है।

वेड में सलमान एक डांस नंबर करते नजर आएंगे। शनिवार को इस गाने का टीजर शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, भाई का बर्थडे है, गिफ्ट तो बनता है। टीजर में रितेश देशमुख और सलमान दोनों ही अपने टपोरी स्टाइल में नजर आ रहे हैं। सलमान का अंदाज देखकर दर्शकों को वॉन्टेड के राधे की याद आ गई। हालांकि, टीजर में वेड लावलय गाने की रिलीज डेट की जानकारी नहीं दी गई है।

वेड 2019 की तेलुगु फिल्म मजिली का रीमेक है। यह 30 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म का निर्देशन भी रितेश खुद कर रहे हैं। फिल्म में रितेश और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी रोमांस करती दिखेगी।

# रेजिस्टेंस ट्रेनिंगः ये है इस वर्कआउट के फायदे और अन्य महत्वपूर्ण बातें



रेजिस्टेंस ट्रेनिंग सबसे लोकप्रिय वर्कआउट में से एक है। इसके लिए आप डंबल्स और रजिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह वर्कआउट मांसपेशियों को मजबूती देने और सहनशक्ति में सुधार करने में काफी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह मेटाबॉलिज्म को तेज करके कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। इस वजह से इसे अपने फिटनेस रूटीन का हिस्सा बनाना लाभदायक हो सकता है। आइए इस वर्कआउट से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

## आसान है रजिस्टेंस ट्रेनिंग वर्कआउट

रजिस्टेंस ट्रेनिंग काफी हद तक इस सिद्धांत पर आधारित होती है कि रजिस्टेंस या बल पर काबू पाने के लिए शरीर की मांसपेशियां एक साथ काम करें। जब इसे नियमित अंतराल पर किया जाता है तो मांसपेशियां को मजबूती मिलने लगती है। इसके लिए आप वेट मशीन, मेडिसिन बॉल्स, रजिस्टेंस बैंड या फ्री वेट डंबल आदि उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## रजिस्टेंस ट्रेनिंग से मिलने वाले लाभ

रजिस्टेंस ट्रेनिंग का रोजाना अभ्यास करने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। यह वर्कआउट वजन घटाने, मेटाबॉलिज्म के स्तर को सुधारने और ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में काफी मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह शारीरिक संतुलन को ठीक करने समेत हड्डियों का घनत्व भी बढ़ाता है और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी उपयोगी है।

## रजिस्टेंस बैंड चुनते समय बरतें सावधानी

अगर आप इस वर्कआउट के लिए रजिस्टेंस बैंड को चुनते हैं तो इसके लिए अधिक टाइट रेजिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल करने से बचें। इससे एक्सरसाइज करने में काफी परेशानी हो सकती है। दरअसल, ऐसे बैंड के इस्तेमाल से शरीर पर अधिक दबाव पड़ता है और इस कारण कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। एक्सरसाइज के लिए थोड़े ढीले रेजिस्टेंस बैंड बेहतरीन होते हैं।

## एक शेड्यूल बनाएं

वर्कआउट को फिटनेस रूटीन में शामिल करने के लिए एक शेड्यूल बनाएं। अगर आप शुरुआती दौर में हैं तो हफ्ते में दो दिन इस वर्कआउट का अभ्यास करना सुनिश्चित करें, जबकि नियमित वर्कआउट करने वाले लोग हफ्ते में चार-पांच दिन कर सकते हैं। इस वर्कआउट में स्क्वैट्स, पुश-अप्स और प्लैंक जैसी एक्सरसाइज की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, इस वर्कआउट के दौरान अपनी क्षमतानुसार वजन उठाएं और हमेशा हाइड्रेट रहें।



# 9 साल की उम्र में अमिका शैल ने बनाई थी अलग पहचान, अब कर रही लाखों दिलों पर राज

अमिका एक फिटनेस मॉडल और ईएसएन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उन्होंने काफी कम उम्र में अपनी अलग पहचान बना ली है। फिल्म लक्ष्मी, मिर्जापुर 2, गंदी बात 6, डिज्नी+हॉटस्टार की छत्तीस और मैना आदि में किरदार निभा चुकी हैं। गायिका से अभिनेत्री बनीं अमिका शैल का जन्म और पालन-पोषण पश्चिम बंगाल में हुआ। अमिका शैल की बचपन से ही संगीत में रुचि थी, उन्होंने अपनी मां से संगीत शिक्षा ली। 9 साल की उम्र में अमिता शैल ने लिटिल चैंप्स से अपने सफर की शुरुआत की थी। बंगाली सारेगामापा, इंडियन आइडल, वॉयस ऑफ इंडिया जैसी सिंगिंग रियलिटी शो का भी हिस्सा रह चुकी हैं। मां से संगीत की शिक्षा लेने वाली अमिका ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में स्नातकोत्तर किया है। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अमिका मुंबई चली गईं। प्लेबैक सिंगिंग के साथ उन्होंने कई एल्बम किये । विशाल ददलानी, मोहित चौहान, जावेद अली, अमित कुमार जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ वह प्लैटफॉर्म शेयर कर चुकी हैं। मैडम सर, लाल इश्क, शादी के सियाप्पे, गुनाह और अभय जैसे वेब शो और टेलीविजन सीरीज का भी हिस्सा रह चुकी हैं। जनवरी 2022 में अमिका ने मिस्र में आयोजित वर्ल्ड यूथ फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दुनिया भर के प्रसिद्ध गायकों के साथ उन्होंने अपना परचम लहराया है। हृदय वी शेट्टी (रोहित शेट्टी के भाई), शैलेंद्र सिंह और श्री अधिकारी ब्रदर्स की फिल्मों मुख्य किरदार निभाती हुई अमिका शैल नज़र आने वाली हैं। अमिका शैल की 2 संगीत वीडियो रिलीज़ होने वाली है, इसके अलावा मलयालम फिल्म नोबॉडी और बांद्रा में उनका शानदार नृत्य प्रदर्शन देखने को मिलने वाला है। अमिता शैल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, यही वजह है कि सोशल मीडिया पर दर्शकों का प्यार उनके लिए बना रहता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेनेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# साकार हो रहा है पुरखों, किसानों, नौजवानों का सपनाः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में तेजी से साकार हो रहा है हमारे पुरखों, किसानों और नौजवानों का सपना। हमारे पुरखों ने विकसित, समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना देखा था। आज यह सपना साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आज पूरे राज्य में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रूपए, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए और तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए देने की घोषणा की ।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। हमारे अन्नदाता खुशहाल हैं। स्वावलंबी बन रही महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक है। यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। श्री बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों ने विकसित, समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना देखा था। आज यह सपना साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने सीधे मंत्रालय जाकर 19 लाख किसानों के लगभग 11 हजार करोड़ रूपए की ऋण माफी और 2500 रूपए में धान खरीदी का फैसला लिया। इस फैसले के साथ ही न्याय का जो सफर प्रारंभ हुआ था वह आज भी जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वावलंबी गांवों का सपना देखा था उनकी परिकल्पना का अनुसरण करते हुए सुराजी गांव योजना प्रारंभ की। गांवों को उत्पादन का केन्द्र बनाने और शहरों को वाणिज्य और व्यापार का केन्द्र बनाने की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 9000 से अधिक गौठानों में हजारों महिलाएं गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने सहित अनेक आजीविका मूलक गतिविधियों में संलग्न है। इससे उनकी आय बढ़ी है और वे स्वावलंबी बनी है। गौठानों में तैयार की गई लगभग 20 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खेतों में पहुंची। राज्य सरकार के आव्हान पर हजारों हजार किसानों ने मवेशियों के लिए पैरादान किया। गौठानों के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग कम करने, कार्बन उत्सर्जन कम करने छत्तीसगढ़ का छोटा सा योगदान है। हमारे चार हजार से अधिक गौठान स्वावलंबी बन गए हैं। गौठान समितियों के पास 15 से 16 लाख रूपए तक की राशि जमा है। इस राशि से ये गौठान गोबर खरीद रहे हैं और गांवों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। यह एक बड़ा सकारात्मक बदलाव है। सामान्यत: राज्य अथवा केन्द्र सरकार से मिली राशि से गांवों के विकास के कार्य किए जाते रहे हैं। अब हमारे गौठानों ने खुद की पूंजी से गांव के विकास में योगदान देना प्रारंभ किया है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान नवा रायपुर में 4.86 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा स्मारक एवं संग्रहालय का भूमिपूजन किया।

## खास खबर

### ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर क्रांति, पेयजल से लेकर सिंचाई तक हजारों हितग्राही लाभान्वित

**दुर्ग।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर क्रांति हुई है और चार सालों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर नवीनीकरण ऊर्जा का उपयोग हो रहा है। सोलर योजनाएं न केवल पेयजल और सिंचाई के लिए उपयोगी साबित हो रही है अपितु ग्रामीण क्षेत्रों को रौशन करने की दिशा में भी उपयोगी साबित हुई हैं। क्रेडा विभाग के अधिकारी टीआर ध्रुव ने बताया कि क्रेडा की योजनाएं बड़े पैमाने पर पूरे जिले में आरंभ की गई है। यह सुचारू रूप से चलती रहें, इसके लिए प्रभावी मानिटरिंग की जा रही है। 219 गांव अब हाईमास्ट लाइट से रौशन-पूरे जिले में 219 गांव हाईमास्ट लाइट से रौशन हो गये हैं। अब तक 695 सोलर हाईमास्ट लाइट लगाये गये हैं। इनके माध्यम से गांव के प्रमुख चौराहे रौशन हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से गांव के सार्वजनिक स्थलों में अपराध कम हो गये हैं। लोग देर शाम तक बैडमिंटन, वालीबाल जैसे खेल खेलते हैं। ग्रामीण वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि सोलर हाईमास्ट लगने से अब गांवों में मानस गान बड़े स्तर पर हो रहे हैं। काफी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं। रोशनी का एक पक्ष यह है कि इससे सब कुछ रोशन हो रहा है।

शहर के हमर क्लिनिकों में विधायक ने स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

# 2.5 करोड़ से क्लिनिकों के निर्माण हेतु चयनित किए गए स्थलः वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने शुक्रवार को शहर में संचालित हमर क्लीनिकों का दौरा कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं ओपीडी में लाभ लेने आ रहे नागरिकों से सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ उन्होंने सभी 10 वार्डों में सर्वसुविधायुक्त नवीन क्लिनिक निर्माण के लिए स्थल का चयन किया।**



सुबह से ही 4 घंटे तक सभी प्रस्तावित वार्डों में स्वास्थ्य विभाग एवं सीजी एमएससी के अधिकारियों के साथ वोरा ने भ्रमण किया उन्होंने कहा कि घर के निकट ही अस्पताल की सुविधा देने के लिए हमर क्लिनिक की व्यवस्था दी गई है जहां लगातार आम जनता लाभान्वित हो रही है। सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए 25 लाख रु की राशि स्वीकृत कराई गई है स्थल का निर्धारण हो जाने के बाद जल्द ही नवीन भवन का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार दुर्ग में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तार किया जा रहा है। 14 करोड़ के मातृ शिशु अस्पताल, 3 करोड़ के ऑक्सीजन प्लांट, 11 करोड़ से सर्जिकल वार्ड, ट्रामा सेंटर के निर्माण के बाद 24 करोड़ रु से क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कर जिला अस्पताल का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। 75-75 लाख की लागत से पोटिया, बघेरा एवं धमधा नाका में सर्वसुलभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भी नवीन भवन बनाये गए हैं। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं हमर क्लीनिकों में अब तक घर के पास अपने ही वार्ड में 50 हजार से अधिक लोगों ने मुफ्त जांच एवं दवा की सुविधा प्राप्त की है। प्रथम चरण में 2.5 करोड़ से 10 नए क्लीनिकों का निर्माण जल्द प्रारंभ होगा। गौरतलब है कि दुर्ग शहरी क्षेत्र में राज्य शासन की योजना के अंतर्गत 10 वार्डों में हमर क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं जहां लगातार लोगों को मुफ्त इलाज एवं दवाएं वितरित की जा रही हैं। स्थल का निर्धारण नहीं हो पाने के कारण अब तक वैकल्पिक भवनों में ओपीडी का संचालन किया जा रहा था। अब विधायक वोरा के प्रयासो से सभी जगहों पर स्थल का चिन्हांकन कर लिया गया है एवं निविदा प्रक्रिया में है। इस दौरान डॉ राजेन्द्र खंडेलवाल, सीपीएम टार्जन आदिले, पार्षद बृजलाल पटेल, विजयंत पटेल, जमुना साहू, अश्वनी निषाद एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, महेंद्र साहू सीजी एमएससी अभियंता ललित वर्मा मौजूद थे।

# आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें : राष्ट्रपति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से भारतीय रेलवे के परिवीक्षाधीनों (प्रोबेशनर) ने आज (16 दिसंबर, 2022) को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, रेलवे कई लोगों के लिए वास्तविक जीवन रेखा है, जो दैनिक आधार पर नौकरी या व्यवसाय के लिए अपने कार्यस्थलों पर जाते हैं।**



भारतीय रेलवे के अधिकारियों के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वे हर दिन लोगों को आजीविका प्राप्त करने में सहायता करते हैं। कई लोग रोगों के उपचार के लिए यात्रा भी करते हैं। आम लोगों के जीवन में रेलवे की भूमिका हमेशा की तरह महत्वपूर्ण बनी हुई है। रेलवे ने पूरे देश में यात्रा व विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब भारत राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रहा है, इस कारण हम व्यक्ति और सामानों की अधिक आवाजाही देख रहे हैं। यह भविष्य में बढ़ने वाला है। इसे देखते हुए भारतीय रेलवे को भी नवीनतम डिजिटल तकनीकों को अपनाना चाहिए और सुरक्षित, समय की बचत, अधिक सुविधाजनक व उच्च गुणवत्ता वाली परिवहन सेवाओं को लेकर उन्नत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए नए रास्तों की खोज करनी चाहिए।

राष्ट्रपति ने आगे कहा, हम सभी ट्रेन यात्रा से जुड़ी यादें लेकर चलते हैं। यह सुनिश्चित करना भारतीय रेलवे के अधिकारियों का कर्तव्य है कि लोग आरामदायक तरीके से यात्रा करें, जिससे उनके साथ इसकी अच्छी यादें जुड़ी रहें। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को दिव्यांग व्यक्ति, महिला व वृद्धजनों की जरूरतों को पूरा करने और उन्हें एक सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे को कमियों को दूर करने और एक समावेशी व आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि नई और फिर से उन्नतशील भारत की सोच के अनुरूप भारतीय रेलवे ने बड़ी विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की लंबाई का 56 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे कार्य और वहन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इस प्रकार माल परिवहन में क्रांति आएगी और रेल नेटवर्क का रूपांतरण होगा। इन गलियारों के माध्यम से माल ढुलाई लागत और लॉजिस्टिक लागत में भी काफी कमी आएगी। राष्ट्रपति ने आगे बताया कि देश में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति, तेज गति वाली रेल परियोजनाएं, हाइपरलूप आधारित परिवहन, चार धाम रेल परियोजना, सेतु भारतम् जैसे कार्यक्रम औद्योगिक, वाणिज्यिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले हैं। इससे अलावा इनसे संसाधनों के समान वितरण को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम

# छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 4 वर्षों में समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने आज बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खरथुली, कोचेरा, बिजोरा के गौठानों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।**




इस अवसर पर मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पिछले चार वर्ष के सफल कार्यकाल के दौरान किसान, मजदूर, युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया गया है। हमारी सरकार ने आम आदमी से जुड़ी योजनाएँ तथा सुराजी गॉव की परिकल्पना को साकार करने हेतु पशुधन की सुरक्षा एवं संवर्द्धन के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना प्रारंभ की है। यह योजना राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना के दूरगामी परिणाम अब हमको देखने को मिल रहा है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने के साथ-साथ स्वरोजगार का भी प्रमुख जरिया बन गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने राजीव युवा मितान क्लब के गठन के माध्यम से राष्ट्र व समाज के विकास कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की स्थापना कर समाज के निम्न, मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए भी बेहतर शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा पिछले चार वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति, रीति-रिवाज, परम्परा, तीज-त्यौहार, खान-पान आदि को भी संरक्षण एवं संवर्द्धन के साथ पूरे देश एवं दुनिया में भी पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति, खेलकूद एवं खान-पान आदि को देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से पिछले चार वर्षों के दौरान समाज के प्रत्येक वर्गों के कल्याण तथा प्रत्येक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल होने के कारण छत्तीसगढ़िया लोगों में गौरव का बोध हुआ है, जिसके फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद और विधायक संजारी-बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सभा को संबोधित किया। इसके साथ ही राज्य में चल रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत् हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा सुपोषण किट, स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, गौमूत्र कीटनाशक, कृषि यंत्र वीडर, स्प्रेयर, उन्नत किस्म के बीज मिनी किट आदि सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के द्वारा श्रमिक पंजीयन, स्वास्थ्य विभाग की मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईयों का वितरण किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा गौठान समिति एवं महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों सहित पशुपालक, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, भूमिहीन मजदूरों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री ने न्याय के चार साल एवं न्याय के रास्ते-सबके वास्ते पुस्तकों का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों 'न्याय के चार साल' एवं 'न्याय के रास्ते-सबके वास्ते' का विमोचन किया। कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय श्री विनोद वर्मा और श्री राजेश तिवारी, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन और श्री अंकित आनंद, जनसंपर्क सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, जनसंपर्क आयुक्त श्री दीपांशु काबरा और संचालक जनसंपर्क सौमिल रंजन चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




'न्याय के चार साल' पुस्तक राज्य सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों और जनहितकारी फैसलों पर केन्द्रित है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना के साथ अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी शामिल है। इसी प्रकार 'न्याय के रास्ते-सबके वास्ते' पुस्तक शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर केन्द्रित है। इस पुस्तक में योजना का नाम, उद्देश्य, शर्त, पात्रता, प्रावधान एवं सम्पर्क सूत्र की जानकारी दी गई है, ताकि इसको पढ़कर लोग संबंधित विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर योजना का लाभ उठा सके और अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सके। छत्तीसगढ़ सरकार के न्याय के संकल्प को जन-जन पहुंचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग द्वारा इन पुस्तिकों का प्रकाशन किया गया है, ताकि लोगों को शासन के सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी हो।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई-कोर्ट क्रमांक 202211200900029 /अ-2/ 2022-23

ग्राम- कोण्डागांव प.ह.न. 15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती बिंदिया वटटी पति राम जी वटटी जाति मुरिया निवासी कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव के द्वारा स्वयं के नाम से ग्राम कोण्डागांव में स्थित खाते की भूमि खसरा नम्बर 1064/89 रकबा 0.020 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से रकबा 0.020 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् नक्शा खसरा, बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की प्रति संलग्न कर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 20/12/2022 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
मुहर कोण्डागांव

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### मानव तस्करी के आरोप में दो को हुई 14 साल की जेल

**रायपुर ( ए )।** जिला न्यायालय ने तीन नाबालिग लड़कियों की तस्करी के आरोप में दो लोगों को 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक विजय लांजे ने बताया कि 12वें अपर सत्र न्यायाधीश लीलाधर साई यादव ने शुक्रवार को महेश गौतम और ललिता देवारीन को इस मामले में दोषी पाया है। सितंबर 2018 में गौतम और देवारिन ने पीड़िताओं के परिवार से कहा था कि लड़कियां ऑर्केस्ट्रा में डांस करके पैसे कमाएंगी लेकिन इसके बदले उन्हें बेच दिया। वहीं दिसंबर 2018 में पुलिस ने तीनों को बिहार से रेस्क्यू किया था।

### फार्महाउस में मर्डर: किचन में मिला बुजुर्ग का शव, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा ( ए )।** कोरबा जिले में भूलासीडीह के पर्री झोरखी स्थित फार्म हाउस में एक वृद्ध की टंगिया से मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक लंबे समय से फार्म हाउस में अकेला रहता था। इसके बाद उनके बेटे रोज की तरह पिता से मिलने फार्म हाउस गया तो उन्होंने पिता के खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को इसकी जानकारी दी। यह पूरा मामला रजगामार थाना क्षेत्र का है।मिली जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम बालेश्वर चौबे है, उनकी उम्र 73 वर्ष थी। वह भूलासीडीह के पर्री झोरखी स्थित फार्म हाउस में अकेले रहता था। मृतक बालेश्वर चौबे बालको के रिटार्यड होने के कुछ साल बाद पत्नी की मौत हो गयी और भुलसीडीह में दो एकड़ जमीन लेकर फार्म हाउस बनाकर रहने लगा गया। कुछ मवेशी भी रखा हुआ था। फॉर्म हाउस में सागौन बाड़ी और और फलदार पेड़ लगे हुए हैं। शनिवार की सुबह राजेश चौबे रोज की तरह पिता से मिलने गए थे। तो हाउस के किचन के पास पिता के खून से लथपथ शव देखा। सीएसपी कोरबा और रजगामार पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वाड की मदद से आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### आईटीआई के ट्रेनिंग ऑफिसर की पत्नी ने लगाई फांसी

**रायगढ़ ( ए )।** आईटीआई के संविदा प्रशिक्षण अधिकारी की बीवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने बेडरूम की खिड़की में चुनरी से फांसी लगाते हुए खुदकुशी कर ली। यह मामला शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। बता दे कि इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना की विवेचना कर रही प्रधान आरक्षक अरुणा चौरसिया ने बताया कि मूलत: जांजगीर का उदयभांठा निवासी महेंद्र कुमार शर्मा वर्तमान में रायगढ़ के औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र यानी आईटीआई में संविदा पर प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में सेवारत होने के कारण टीवी टावर रोड में रिश्तेदार के गुरुद्रोण स्कूल के पास दीनदयाल कॉलोनी फेस टू स्थित एचआईजी 15 में अपनी 43 वर्षीया पत्नी कामिनी और 8 एवं 9 बरस की दो बेटियों के साथ रहता था।

# फैक्ट्री में लोहे की प्लेट चुराकर कबाड़ी को बेचा, तीन नाबालिग सहित खरीदार गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। औद्योगिक क्षेत्र में घूमकर फैक्ट्रियों में चोरी करने वाले नाबालिग चोर गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने नाबालिग आरोपियों के साथ ही इनके पास से चोरी का लोहा खरीदने वाले कबाड़ी व एक फैक्ट्री संचालक को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक कबाड़ी फरार बताया जा रहा है जिसकी तलाश की जा रही है। कबाड़ियों ने अपने यहां सीसी टीवी कैमरे लगा रखे हैं लेकिन रोज इसके फुटेज को डिलीट कर दिया जाता है ताकि किसी प्रकार का साक्ष्य मिटाया जा सके।**




बता दें ऋषभ नगर दुर्ग निवासी जय कुमार जैन लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया छावनी स्थित प्रीसीजन इंजीनियरिंग कार्पोरेशन मैनेजर है। उन्होंने जामुल थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि 14 दिसंबर को इलेक्ट्रिशियन कुलदीप ने सूचना दी कि कंपनी में रखे लोहे के प्लेट्स की चोरी हो गए हैं। कंपनी में जाकर देखने पर स्टाक यार्ड में रखे अलग-अलग वजन के 50 लोहे के प्लेट्स चोरी हो गए। शिकायत पर जामुल पुलिस ने धारा 457.380 तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

जांच के दौरान विशेष पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 3 नाबालिगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में नाबालिगों ने सच उगल दिया। चोरी के प्लेट नाबालिगों ने मोह. चांद कबाडी एवं विक्की काठी को बेचना बताए। इसके बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। इन दोनों ने उक्त पूरा माल ललित कबाड़ी को बेचने की जानकारी दी गई। पुलिस जब ललित कबाड़ी को गिरफ्तार करने पहुंची तो वह फरार मिला। इसके बाद पुलिस ललित कवाडी के वाहन चालक घनश्याम यादव एवं प्रिंस भट्टी से पूछताछ की। दोनों ने बताया कि लोहे प्लेट ललित कबाड़ी ने एसीसी चौक स्थित वीएमआई (विगल मैन्यूफैक्करिंग इण्डस्ट्रीज) के शरद मेश्राम को दिया है। पुलिस ने शरद मेश्राम फैक्ट्री पहुंचकर 50 नग लोहे के प्लेट्स बरामद किया।

## चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टर गिरफ्तार, करोड़ों की ठगी कर हो गए थे फरार



**रायगढ़ ( ए )।** करोड़ों की ठगी करने वाले चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराध दर्ज होने के बाद दोनों फरार चल रहे थे। जिसे अभियान चलाकर दबोचा गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया है। वहीं इससे पहले 6 आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं।

एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर चक्रधरनगर पुलिस ने शुक्रवार को चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इंफ्राकन के फरार दो डायरेक्टर को गिरफ्तार कर आरोपियों का ज्युडिसियल रिमांड लिया गया है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में प्रतिष्ठा इंफ्राकन इंडिया लिमिटेड कंपनी ने रायगढ़ के ढिमरापुर के पास अपना कार्यालय खोल कर ग्रामीण क्षेत्र के सीधे साधे लोगों को प्रतिदिन एवं मासिक तौर पर रकम जमा करवाने पर एक साल की अवधि पूर्ण होने पर अच्छी ब्याज के साथ मूलधन वापस किए जाने का लालच और विश्वास देकर स्थानीय लोगों को अभिकर्ता (एजेंट) बनाये और चिटफंड कंपनी का गौरख धंधा चलाने लगे। इस कथित चिटफंड कंपनी द्वारा जामगांव क्षेत्र के कई गरीब मजदूर तबके के लोगों से प्रतिदिन 20 रुपए, 50 रुपए, 100 रुपए अपने अभिकर्ताओं के माध्यम से जमा करवाकर उन्हें महीने में एक बार अथवा कई महीने बाद जमा रुपयों की पावती रसीद दी जाती थी। कंपनी अपने अभिकर्ताओं के साथ सांठगांठ कर छल पूर्वक अपने कारोबार को चलाया जा रहा था।

## खेल-खेल में करंट की चपेट में आकर दो बच्चों की मौत, मां के सामने तोड़ दिया दम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में करंट लगने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना जिले के जोबा केराबाहरा गांव की है। जहां दोनों मासूम बच्चे घर के नजदीक के खेत में खेलने गए थे। खेल-खेल में दोनों करंट की चपेट में आ गए। मिली जानकारी के अनुसार सेवा राम कश्यप, मुकेश कश्यप दोनों भाइयों के बच्चे शुक्रवार दोपहर को खेत में खेलने गए थे। इस दौरान वहां पहले से मौजूद अन्य एक बच्चा भी था। तीनों बच्चे खेलते-खेलते अचानक करंट की चपेट में आ गए।

### खेत में खेल रहे थे तीन बच्चे

दोनों बच्चों को करंट से चिपके देख बचाने के लिए मां सामने आई पर मौके पर ही दोनों बच्चों की मौत हो गई। इस दौरान एक बच्चे को बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान दोनों बच्चे घर के पास में लगे खेत में खेलने गए थे। घटना शुक्रवार दोपहर की है।




### डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

मृतकों में दुर्गेश कश्यप उम्र 8 साल और संस्कार कश्यप उम्र 6 साल शामिल है। गांव के सरपंच और परिजनों के साथ दोनों बच्चों को ज़िला अस्पताल लाया गया। जहां दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# पति ने पत्नी की गला रेतकर की हत्या फिर हार्ट अटैक से पति की भी मौत

**गरियाबंद ( ए )।** गरियाबंद जिले में एक युवक ने अपनी बीवी की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसे भी हार्ट अटैक आ गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। घटना के वक्त दोनों जंगल गए हुए थे। वहीं पर आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोसुमबूड़ा निवासी वीरेंद्र ध्रुव(30) अपनी पत्नी रतनी बाई(25) और डेढ़ साल के बेटे के साथ गांव में रहता था। वीरेंद्र घर का खर्चा चलाने के लिए रोजी मजदूरी करता था। उसकी पत्नी भी रोजी मजदूरी करती थी। 15 दिसंबर को भी दोनों मनरेगा में मजदूरी करने गए थे।



### जंगल से लौटे ही नहीं

बताया गया कि वहां से मजदूरी करने के बाद दोनों गांव के ही जंगल में लकड़ी बीनने चले गए थे। दोनों ने अपने बच्चे को वीरेंद्र के माता-पिता के पास छोड़ दिया था। इसके बाद से दोनों जंगल से लौटे ही नहीं। देर रात तक उनका कुछ पता ही नहीं चला। इस बीच वीरेंद्र के माता-पिता ने इस बात की जानकारी गांव वालों को दी। तब अगले दिन 16 दिसंबर को गांव के लोग सुबह से ही जंगल में दोनों की तलाश करने लगे।

### खून से लथपथ मिली लाश

जानकारी मिली है कि लोग दोनों की तलाश कर रहे थे। इस बीच वीरेंद्र एक पगडंडी के किनारे लोगों को मिला। वह रो रहा था। काफी घबराया हुआ था। काफी बीमार लग रहा था। वह ठीक से बात नहीं कर पा रहा था। इसी वजह से उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ग्रामीणों ने रतनी बाई की तलाश जारी रखी। इस बीच खून से लथपथ हालत में रतनी बाई की भी लाश मिल गई।

लोगों ने बताया कि जब वीरेंद्र को अस्पताल ले जाया जा रहा था। तब उसने रोते हुए बताया कि मैंने अपनी पत्नी को मार दिया है। ये सुनकर लोग भी दंग रह गए। लेकिन फिर भी उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां 16 दिसंबर की शाम इलाज के दौरान वीरेंद्र की मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि वीरेंद्र की मौत हार्ट अटैक आने की वजह से हुई है। वहीं रतनी देवी की लाश मिलने के बाद परिजनों ने और लोगों ने पुलिस को भी इस बात की सूचना दी थी।

### मानसिक रूप से बीमार था युवक

ये सब कुछ 16 दिसंबर को हुआ। उसके बाद अगले दिन 17 दिसंबर को दोनों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मगर ये पता नहीं चल सका कि युवक ने अपनी पत्नी को क्यों मारा। बताया जा रहा है कि युवक 12 साल से मानसिक रूप से बीमार था। इस बीच जब उसकी तबीयत ठीक हुई, तब 2020 में उसकी शादी कर दी गई थी। अब उसने इस वारदात को अंजाम दे दिया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पूरी घटनाक्रम की जानकारी रविवार को सामने आ सकी है।

# नशे पर दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया युवक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नशे के खिलाफदुर्ग पुलिस की सख्ती का दौर जारी है। शनिवार को सुपेला पुलिस ने राधिका नगर क्षेत्र ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 15 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया गया। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। युवक यहां युवाओं को पुड़िया बेचने की कोशिश कर रहा था इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ा। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि राधिकानगर क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध दिख रहा है। युवक के पास नशीली पुड़िया होने की जानकारी पुलिस को मिली। सूचना के बाद सुपेला पुलिस की एक टीम मुखबिर के बताए जगह पर पहुंची। मौके पर एक युवक मिला जिसे हिरासत में लेने पर उसने अपना नाम आशीष दुबे बताया। सुपेला पुलिस ने उसकी तलाशी ली। आशीष दुबे के कब्जे से 15 ब्राउन शुगर पुडिया वजनी 1.510 ग्राम बरामद किया गया। ब्राउन शुगर की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी आशीष दुबे आसपास के युवकों को ब्राउन शुगर उपलब्ध कराता था। आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, उप निरी लखेश गंगेश, आरक्षक मोह, जुनैद सिद्धीकी, विवेक सिंह, विकास तिवारी एवं अभय सिंह का विशेष योगदान रहा।



## गर्भवती महिला की पिटाई, आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज

**बिलासपुर ( ए )।** गांव पिरथीपुर में गली के विवाद में महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। आरोप यह भी है कि मारपीट में उसका ढाई माह का गर्भपात हो गया। पिरथीपुर निवासी सबरा ने पुलिस को बताया कि वह गांव में ही करमू के घर पर दूध लेने के लिए गई थी। दूध लेकर वह घर जा रही थी। तभी गली में ताजू, जयमल, मनीष, काला, शकीला व नजमा ने उसे रोक लिया। सभी रोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि ताजू व नजमा ने उसे पीटा और उसके पेट पर लातें मारी। जिससे उसका ढाई माह का गर्भपात हो गया। बाद में आसपास के लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। महिला की शिकायत पर बिलासपुर पुलिस ने केस दर्ज किया।


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### कांग्रेस की 4 साल कि उपलब्धि कोई नाकार नहीं सकता - कुरैशी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की 4 वर्षों में जो उपलब्धि प्रदेश की आम जनता के हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है उससे केन्द्र और राज्य के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को तकलीफहोने लगा है इसलिए आरक्षण जैसे मुददे को व्यक्तिगत मुददा समझकर राज्यपाल के यहा लंबित पड़ा है जबकि विधानसभा में आरक्षण का मामला सर्वसहमति से पास हुआ है कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने चुनावी घोषणापत्र में चुनाव जीतने के बाद छत्तीसगढ की आमजनता को जो वादा किया था उसमें से 4 साल के अंदर 90 प्रतिशत घोषणाएं पूरी कर दी गई पिछले 4 वर्षों में गरीब किसान, बेरोजगारों की बेरोजगारी दूर कर और आर्थिक रूप से स्वालंबि बनाने के लिए प्रदेश में कई योजनाएं चालू कि जिस का लाभ हजारों शिक्षित बेरोजगार, किसान भाईयों को मिल रहा है भारतीय जनता पार्टी के लोगों को कल्पना नहीं थी कि चुनावी घोषणा पत्र में जो घोषणा की है वह पूरा कर सकेंगे लेकिन आज 4 वर्षों में प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, ग्रामीणों को स्वरोजगार देने के उदेश्य से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, किसानों का कर्ज माफ, बिजली बिल हाफ, वन अधिकार पटटा, तेंदूपत्ती संग्रहण समाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, छोटे भूखण्डों की खरीदी बिक्री, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, इस प्रकार प्रदेश की प्रत्येक जनता को स्वालंबि बनाने के उदेश्य से यह सब योजनाएं लागू कि गई है जिसका लाभ पर्याप्त मात्रा में प्रदेश की जनता को मिले इसीलिए 70 प्रतिशत आरक्षण बिल 2 दिसंबर को लाया गया ताकि छत्तीसगढ की जनता को लाभ मिल सकें।

### जेएलएन अस्पताल के लिए आपातकालीन बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने नई एचटी केबल लाइन को किया गया चार्ज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में आपातकालीन बिजली आपूर्ति को सुनिष्चित करने हेतु संयंत्र प्रबंधन ने नई एचटी केबल लाइन बिछाने के कार्य को पूर्ण कर इसे सफलतापूर्वक प्रारंभ किया है। विदित हो कि ग्रिड फेल होने की स्थिति में सेक्टर-9 अस्पताल के आपातकालीन विद्युत भार को वहन करने हेतु संयंत्र के पॉवर प्लांट-2 से आपूर्ति प्रदान करने की एक अलग से व्यवस्था प्रदान की गई है। परन्तु टीएसएस-2 से टीडीएस-2 तक अप्रचलित और फॉल्ट प्रोन पेपर इंसुलेटेड एचटी सप्लाई केबल्स होने के कारण और उतई रोड के साथ विभिन्न स्थानों पर भूमिगत केबल मार्ग की दुर्गमता के कारण, केबलों की खराबी का पता लगाना और मरम्मत करना बेहद कठिन और समय लेने वाला हो गया था। बिजली आपूर्ति की इस गंभीर समस्या ने अस्पताल की आपातकालीन आपूर्ति की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रहा था। इस समस्या से निजात पाने के लिए पॉवर सिस्टम डिपार्टमेंट (पीएसडी) द्वारा समुचित प्रयास प्रारंभ किया गया। अस्पताल में आपातकालीन आपूर्ति की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए, टीएसएस-2 से टीडीएस-2 तक लगभग 6.6 किलोमीटर अप्रचलित और फॉल्ट प्रोन पेपर इंसुलेटेड एचटी केबल को वैकल्पिक और सुरक्षित केबल मार्ग के माध्यम से नए एक्सएलपीई केबल्स के साथ सफलतापूर्वक बदल दिया गया।

श्रीराम चौक दशहरा मैदान जोन -2 में श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का चौथा दिन

# मनुष्य जीवन भोग लिए नहीं बल्कि मदद के लिए है: चिन्मयानंद बापू



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं जीवन आनंद फाउण्डेशन द्वारा श्रीराम चौक, जोन 2 खुर्सीपार में आयोजित श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन कथावाचक राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद स्वामी ने मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला। व्यासपीठ से उन्होंने मानव के तन एवं मन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मनुष्य को यह तन केवल भोग के लिए नहीं मिला बल्कि दूसरों की मदद के लिए भी इसकी उपयोगिता है। इसी प्रकार मन भी ज्ञान प्राप्त कर अपने विवेक से निर्णय लेने व सही और गलत में भेद करने के लिए है।

श्रीराम कथा के चौथे दिन आज अतिथि के रूप में पाटेश्वर धाम के संत श्री श्री 1008 बाबा रामबालक दास जी महात्यागी, प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सवन्नी, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं भाजपा नेता सत्यनारायण अग्रवाल शामिल हुए। इससे पहले सुबह कथा स्थल पर बने यज्ञ कुठिया में प्रतिदिन की तरह श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ हुआ। सुबह से शुरू हुए इस महायज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वेद मंत्रों के साथ क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए यज्ञ वेदिका में आहूतियां समर्पित की गई। यज्ञ के दौरान श्रद्धालु कुटिया के चारों ओर प्रदक्षना भी करत दिखे। श्रीराम कथा के साथ यहां प्रतिदिन धार्मिक रिति के अनुसार महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ के बाद दोपहर को कथा वाचक चिन्मयानंद बापू द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जा रहा है।



#### लोगों की करूण पुकार पर अवतरित हुए भगवान राम

रामकथा के चौथे दिन कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने श्रद्धालुओं को कथा का रसास्वादन कराते हुए प्रभु श्रीराम के जन्म के प्रसंग को आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि जब धरती पर अत्याचार, दुराचार भ्रष्टाचार बढ़ गया तो धरती माता ने देवों से गुहार करते हुए कहा कि इससे अधिक अत्याचार बर्दाश्त नहीं कर सकती। इस पर पृथ्वी माता ने गौ (सुरभि)का रूप धारण किया और समस्त देवता एकत्रित होकर भगवान श्री नारायण की शरण में गए। इसके बाद वे राक्षसों के संहार, भूमि का भार हरण तथा भक्तों के उद्धार की प्रार्थना करते हैं। इससे भगवान श्री हरि उनकी प्रार्थना सुनकर राम का अवतार लेकर पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग आते ही कथास्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे और पूरा परिसर भक्तिमय हो चला।

#### ईश्वर की कृपा से मिला मानव शरीर

कथा को आगे बढ़ाते हुए चिन्मयानंद बापू ने बताया कि ईश्वर से कृपा से ही हम सभी को मानव शरीर प्राप्त होता है। जिस जीव के कान में भगवत मंत्र चला गया तो उसका उद्धार होना निश्चित है। उसे कहीं दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। भगवान अपने सभी भक्तों का ख्याल रखते हैं। उन्होंने रामचरित मानस की ओर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामचरित मानस सुनने से चित्त पवित्र होता है और व्यक्ति भी व्यक्तित्व से विराट हो जाता है। रामचरित में भारत की आत्मा बसती है, क्योंकि हमारे वेद-ऋचाओं में ही दिव्य भारत के कलपना की गई है। हमें यदि इस दिव्यता को धारण करना है तो सांस्कृतिक-वैदिक महल में जाकर खड़ा होना ही होगा। चिन्मयानंद बापू ने कहा कि लोग आज भी भगवान की मर्यादा का पालन कर रहे हैं। लोग-मंगल की कामना को लेकर प्रभु इस धराधाम पर अवतरित हुए। उन्होंने पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया। उनके मूल्यों व आदर्शों पर हम किस प्रकार सहयोगी बन सकते हैं। उस पर आज चिन्तन और मनन की जरूरत है।

# रिसाली के गौठान में हुआ छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली । राज्य सरकार के 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस नेवई गोठान में मनाया गया। शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने जनप्रतिनिधि व अधिकारी एकजुट हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू के अलावा महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर विशेषरूप से उपस्थित थे।



प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त हो रही संस्कृति को विश्व पटल पर रखा है। आज जितने भी कल्याणकारी योजनाएं है उसमें किसान से लेकर युवा वर्ग सीधे तौर पर जुड़ा है। प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं है। उन्होंने कहा कि गोठान के माध्यम से आज महिलाएं अपने पैरों में खड़ी हो रही है। वहीं निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने निगम में दी जाने वाली सेवाओं को विस्तार से रखा। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, सनीर साहू, परमेश्वर, ब्लाक अध्यक्ष मुकुंदभाऊ, पार्षद व एल्डरमेन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री को सुना:** गोठान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुनने सैकड़ों लोग एकत्र हुए थे। गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के तहत किए गए कार्यो और प्रयासों को विस्तार से बताया। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण सुनने की व्यवस्था नेवई गोठान में की गई थी।

**महिलाओं ने लगाया स्टॉल :** नेवई गोठान में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने प्रदर्शनी लगाई थी। खाने पीने के स्टॉल के अलावा हाथ से तैयार कलाकृति की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्यअतिथि के अलावा महापौर व परिषद के सद्स्यों ने किया।

# गोकुल नगर गौठान में मनाया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पुलगांव के करीब गोकुल नगर स्थित गौठान में राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आज 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।आज गोकुल नगर स्थित गौठान परिसर में आयोजित कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का प्रसारण किया गया।साथ ही शासन की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर गौठान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं एमआईसी सदस्य दीपक साहू,संजय कोहले,जमुना साहू, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद मदन जैन, प्रेमलता साहू, बृजलाल पटेल निकिता मिलिंद,मोहिद वन्दे,महीप भुवाल, सहित ब्रिजमोहन तिवारी,आनंद ताम्रकार व अन्य मौजूद थे।

# ब्लड टेक्निशियन कुमारी लतिका तेंदुलकर द्वारा देहदान की घोषणा


श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला अस्पताल के आईसीटीसी की ब्लड टेक्निशियन कुमारी लतिका तेंदुलकर ने आज शंकर नगर स्थित भागवत कथा के दौरान प्रवचन कर्ता महाराज परम पूज्य राजेंद्र चैतन्य ब्रह्मचारी की उपस्थिति में अपने देहदान की घोषणा कर वसीयत नव दृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया हरमन दुलई प्रभुदयाल उजाला रितेश जैन को सौंपी देहदान हेतु लतिका के पिता के ए तेंदुलकर माँ श्रीमती राम बाई, भाई प्रकाश आनंद,स्वरूपानंद एवं बहन तुलजा , सोनाली तथा उनके चाचा रामकृष्ण तेंदुलकर ने सहमति दी ब्लड बैंक प्रभारी नेमा चंद्राकर ने लतिका को देहदान हेतु प्रेरित किया।

भागवत कथा के दौरान वाराणसी से आए प्रवचन कर्ता महाराज परम पूज्य राजेंद्र चैतन्य ब्रह्मचारी ने देहदान के महत्व को अपने श्रोताओं को समझाया एवं लोगों को देहदान करने हेतु जागरूक किया लतिका के पिता श्री के तेंदुलकर ने नव दृष्टिफाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ की व् भविष्य में नवदृष्टि के माध्यम से लोगों को देहदान एवं रक्तदान करने हेतु आग्रह किया। राज आढ़तिया ने कहा लतिका तेंदुलकर के देहदान के निर्णय से बहुत बड़े वर्ग को प्रेरणा मिलेगी लतिका लगातार लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करती है। नवदृष्टि फाउंडेशन के राजेश पारख ने कहा हमारी संस्था लगतार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान के प्रति सोच बदली है।











# अनाधिकृत विकास के तहत एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन की होगी चेकिंग, अवैध निर्माण का भी होगा सर्वे

## गलत स्वविवरणी देकर टैक्स जमा करने वाले हो जाएं सावधान, स्वविवरणी की होगी रेंडम चेकिंग, गलत निकला तो देना होगा 5 गुना पेनाल्टी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज राजस्व से जुड़े हुए आला अधिकारियों की बैठक ली। राजस्व को बढ़ाने पर विशेष फोकस रहा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्वविवरणी की रेंडम जांच राजस्व विभाग के अधिकारी करें।





ताकि यह पता चल सके कि जो स्वविवरणी करदाता दे रहे हैं वह सही है कि नहीं यदि गलत पाया जाता है तो अंतर की राशि का 5 गुना पेनाल्टी के साथ ही, आने वाले समय से बढ़ा हुआ टैक्स भी लिया जाएगा। अनाधिकृत विकास के दायरे में आने वाले जिसमे बिना परमिशन के भवन निर्माण करने वाले तथा एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन का भी सर्वे होगा तथा अवैध निर्माण की भी जांच होगी इसके साथ ही भवन अनुज्ञा किस प्रयोजन के लिए जारी किया गया है इसकी भी जांच होगी।

यदि आवासीय प्रयोजन के लिए भवन अनुज्ञा दिया गया है तथा इसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है तो इसकी भी जांच होगी। निगम का पानी उपयोग करने के बाद भी जलकर नहीं पटाने वालों का भी सर्वे होगा। इन सभी पर सर्वे उपरांत नियम विरुद्ध होने पर तत्काल नोटिस जारी किया जाएगा तथा विधि संगत सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इन सभी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ इस कार्य को करेंगे। अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के साथ ही अवैध कॉलोनी के नियमितीकरण की प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में आर्किटेक्ट को कहा गया कि इन कार्यों में विलंब न करे, जो कार्य आर्किटेक्ट को किए जाने हैं वह कार्य समय पर पूर्ण दस्तावेजों के साथ हो ताकि प्रोसेस में अवरोध न हो। कुर्की वारंट जारी होने के बाद भी बकायेदारों के द्वारा बकाया राशि नहीं देने पर सीधे सील बंदी की कार्यवाही की जाएगी तथा संपत्ति कुर्क करके राशि की वसूली की जाएगी। बैठक में सभी जोन के राजस्व वसूली की बारी-बारी से समीक्षा की गई।

निर्यात कर, जलकर, यूजर चार्ज, दुकानों से प्राप्त होने वाले आय, समेकितकर, शिक्षा उपकर, यूनीपोल एवं होर्डिंग से आय की समीक्षा गहन रूप से हुई। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे एवं रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, खिरोद्र भोई, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जल कार्य विभाग के अभियंता संजय शर्मा, राजस्व विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, वास्तुविद, स्पैरो के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950